RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 117 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 29 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

क्रय एवं सेवाओं के कार्यों को नियमानुसार करें-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल



पेज -8 पर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय धरमजयगढ़ में न्योता भोजन का आयोजन

## मनमानी तरीके से ठेकेदार कर रहा पेड़ों की कटाई

# खदान विस्तार को लेकर ठेकेदार और एसईसीएल की मनमानी, सैकड़ों पेड़ों को काट कर छोड़ दे रहे खुले में

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

एसईसीएल छाल द्वारा अपने खदान विस्तार को लेकर ऐडू में भारी मात्रा में पेड़ों की कटाई करवाया जा रहा है। ऐडू खदान विस्तर करने के नाम पर सैकड़ों पेड़ों को बड़ी-बड़ी मशीन लगाकर उखाड़कर वहीं छोड़ दे रहे हैं,



और ग्रामीणों द्वारा अवैध तरीके से लकड़ी को ट्रेक्टर में भर-भरकर ले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसी एसकेए कंपनी द्वारा ओबी (मट्टी हटना) खदान से खोदकर कोयला निकाले का ठेका लिया गया है जिनके द्वारा अंधाधून पेड़ों को मशीन लगाकर काटा जा रहा है, और बड़े-बड़े वृक्ष को काटकर छोड़ा जा रहा है। जबकि शासन के नियम अनुसार एसईसीएल द्वारा पेड़ों को वन विभाग से कटवाना चाहिए ताकि काटे गये वृक्ष की लकड़ी को काष्ठागार में लाकर नीलामी किया जा सके। लेकिन एसईसीएल छाल द्वारा ऐसा न कर अपनी मनमानी करते हुए ठेकेदार के माध्यम से सैकड़ों एकड़ भूमि में लगे पेड़ को काटकर फेंक दे रहे हैं। मजेदार बात है कि एसईसीएल के अधिकारी ऐडू खदान के लिए किये जा रहे विस्तार में कट रहे पेड़ों को उनके द्वारा नहीं काटने की बात कर रहे हैं। और कह रहे हैं कि न तो एसईसीएल पेड़ काटेगा और न ही ठेकेदार, ठेकेदार पेड़ काटने के लिए अधिकृत नहीं है पेड़ तो वन विभाग ही काटेगा।

### पेड़ ठेकेदार नहीं वन विभाग करेंग कटाई-सुरेश यादव



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

अब आप चित्र में देख सकते हैं कि किस कदर पेड़ों को काट कर जंगल साफ कर दिया गया है और वहीं ग्रामीणों द्वारा अपने ट्रेक्टर में ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से कांटे गये पेड़ की लकड़ी को कैसे ले जा रहे हैं। बताया जाता है कि इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा भारी मात्रा में काटे गये वृक्ष की लकड़ी को अपने घर ले गये हैं। अब आप खूद अनुमान लगा सकते हैं कि एसईसीएल में किस कदर धांधली चल रही है।

### जानिए : क्या कहते हैं अधिकारी और ठेकेदार

जब ऐडू में कोयला खदान विस्तार के लिए कांटे जा रहे पेड़ों के संबंध में भू-राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐडू में हमारे द्वारा किसी प्रकार की कोई पेड़ कटाई नहीं किया गया है, खदान विस्तार के लिए जो पेड़ की कटाई होनी है उसे वन विभाग से कटवाया जायेगा मैं फोन के माध्यम से वन विभाग को जानकारी दे दिया हूं और लिखित में पत्रचार कर रहा हूं। ताकि प्रभावित वृक्षों की कटाई हो सके और खदान का विस्तार होने में परेशानी न हो। जब ऐडू खदान के ओबी (मट्टी हटना) खदान से खोदकर कोयला निकाले वाले ठेकेदार एसकेए कंपनी के मुंशी से उनका मोबाईल नंबर 9131276972 से बात कर पूछा गया कि क्या आप लोगों द्वारा खदान में प्रभावित क्षेत्र का वृक्ष की कटाई की जा रही है तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमारे कंपनी द्वारा कोई भी पेड़ की कटाई नहीं कि जा रही है। ग्रामीणों द्वारा काट कर लकड़ी ले जा रहे हैं

तब हमने प्रतिउत्तर में पूछा की जो बड़े-बड़े मशीन से पेड़ को गिराया जा रहा है वह मशीन किनका है तो उनका कहना था कि मशीन हम लोगों द्वारा ग्रामीणों को उपलब्ध करवा दे रहे हैं ग्रामीण उसी मशीन से पेड़ को काटकर व गिरकार लकड़ी ले जा रहे हैं। जब हमने वन विभाग के छाल रेंज के रेंजर मस्कुले से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं अभी ऑफिस में नहीं फिल्ड में हूं ऑफिस जाकर बता सकता हूं एसईसीएल द्वारा इस संबंध में कोई पत्रचार किया है कि नहीं।





सीएम हाउस में पिस्टल लेकर घुसा शख्स

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक, 8 पुलिसकर्मी हटाए गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। एक शख्स पिस्टल लेकर मुख्यमंत्री आवास में घुस गया। पिस्टल लेकर आए व्यक्ति की ठीक से चेकिंग भी नहीं की जा सकी। मगर बाद में कुछ सुरक्षाकर्मियों की नजर पिस्टल पर पड़ी और उसे घेरकर पूछताछ की गई। अब इस मामले में 8 पुलिसकर्मियों को हटा दिया गया है। पूरी घटना की जांच कराई जाएगी।

शख्स मुख्यमंत्री के केबिन तक पहुंच गया था। राज्य अतिथि गृह पहुना को मुख्यमंत्री आवास बनाया गया है। यहां हर दिन सैंकड़ों लोग CM से मिलने पहुंचते हैं। VIP लिखी गाड़ी में एक शख्स सीएम हाउस पहुंचा था। इसके पास से पिस्टल बरामद की गई।



पता चला है कि कुछ रसूखदारों को बिना गेट पर चेक किए ही मुख्यमंत्री आवास के भीतर प्रवेश दे दिया जाता था। VIP गाड़ी में सवार पिस्टलधारी के मामले में भी यही हुआ। गेट पर त ै न ा त पुलिसकर्मियों को भीतर से मौखिक निर्देश थे कि बड़े लोगों जैसे कि भाजपा के बड़े नेता, विधायक, सांसद, अफसरों को चेक न किया जाए।

पिस्टल लेकर आए व्यक्ति को लेकर भी गेट पर यही चूक हुई। मगर जब व्यक्ति सीएम से मिलने जाने लगा तब वो दूसरे लेयर की चेकिंग में पिस्टल के साथ पकड़ा गया और मामला फूटा।

# डकैती के आरोपी को बचाने विधायक के भाई ने थाने में मचाया उत्पात

**अंबिकापुर, रायपुर।** देश की सबसे बड़ी सरकारी कोयला कंपनी एसईसीएल में डकैती का आरोपी बीजेपी का कार्यकर्ता निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो अंबिकापुर के बीजेपी विधायक के भाई कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंच गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने के भीतर हुड़दंग मचाया। विधायक के भाई ने थाने में तैनात ट्रेनी डीएसपी शुभम तिवारी के साथ खुलेआम अभ्रदता की और देख लेने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने थाने में उत्पात मचाने वाले भाजपा विधायक के भाई और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए डीएसपी को ही थाने से हटाकर लाइन भेज दिया। एनपीजी न्यूज ने इस मामले में अंबिकापुर के एसपी विजय अग्रवाल से बात की। हालांकि, उन्होंने डीएसपी को इस मामले में हटाए जाने से इंकार किया। उन्होने कहा कि डीएसपी को थाने का प्रोबेशन पूरा हो गया था। इसलिए, उन्हें शिफ्थ किया गया है। थाने के भीतर हंगामा करने के सवाल पर अनभिज्ञता जताते हुए एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि वे सीसीटीवी का फूटेज देखने के बाद कुछ बता पाएंगे कि वाकया क्या हुआ है। जबकि, वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि विधायक का भाई और उनके समर्थक किस कदर थाने के बाहर और भीतर डीएसपी के साथ दुर्व्यवहार और देख लेने की धमकी दे रहे हैं।



# मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माताजी पंचतत्व में विलीन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां पिस्तादेवी का मंगलवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी मां के पार्थिव देह को कंधा दिया। प्रदेश भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। दरअसल, अंतिम यात्रा मंत्री के निज आवास मौलश्री विहार से निकाली गई। जहां से महावीर गौशाला और रामसागर पारा भी ले जाया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यपाल विश्वभूषण, प्रदेश सरकार के सभी मंत्री विधायक और सांसदों ने घर पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।



### पिछले कई दिनों से चल रही थीं बीमार

बता दें कि, पिस्ता देवी ने 27 फरवरी को 91 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वो पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं और रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती थीं। पिस्ता देवी अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक और समाजसेवी रामजीलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी थीं। समाजसेवी गोपालकृष्ण अग्रवाल और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल और यशवंत अग्रवाल की माता जी थीं।

विधानसभा का बजट सत्र खत्म

# 16 दिन में 101.13 घंटे हुई चर्चा, पारित किए गए 5 विधेयक

रायपुर। इस महीने की 5 तारीख से शुरू हुआ छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज 26वें दिन समाप्त हो गया है। सत्र के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार 1 मार्च तक बैठक होनी थी। इस लिहाज से 2 बैठक पूर्व ही सत्र समाप्त कर दिया गया है।





बजट सत्र में सदन की कुल 16 बैठके हुईं। इस दौरान सदन में करीब 101.13 घंटे चर्चा हुई। इस सत्र में सरकार की तरफ से चालू वित?तीय वर्ष के लिए तीसरा अनुपूरक बजट और नए वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश किया गया। साथ ही सरकार ने 5 विधेयक भी पारित कराया।

आज सत्र के समापन की घोषणा करते हुए स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने बताया कि विधानसभा की अगली बैठक जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है। डॉ. रमन ने बताया कि सत्र के दौरान 16 बैठकों में 145 प्रश्न सभा में पूछे गए जिनके उत्तर शासन द्वारा दिए गए। इस सत्र में 1337 तारांकित और 1357 अतारांकित प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 2694 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई। इस सत्र में ध्यानाकर्षण की कुल 411 सूचनाएं प्राप्त हुई, जिसमें 214 सूचनाएं ग्राह्य हुई और 34 सूचनाओं पर सदन में चर्चा हुई।


सत्र में कुल 147 स्थगन की सूचनाएं प्राप्त हुई। शून्यकाल की 61 सूचनाएं प्राप्त हुई जिसमें 25 सूचनाएं ग्राह्य और 14 सूचनाएं अग्राह्य रही।

*वर्तमान सत्र में 266 याचिकाएं सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिनमें 139 ग्राह्य व 76 अग्राह्य रही। 10 अशासकीय संकल्प सदस्यों द्वारा दिये गये, जिनमें से 05 संकल्प ग्राह्य हुए तथा 04 संकल्प स्वीकृत हुए एवं 1 व्यपगत हुआ। इस सत्र में 5 विधेयकों की सूचनाएं प्राप्त हुई और चर्चा उपरात सभी पारित हुए। वित्तीय कार्यों के अंतर्गत तृतीय अनुपूरक अनुमान पर 39 मिनट, वर्ष 2024-25 के बजट पर सामान्य चर्चा सहित विभागों की अनुदान मांगों पर 55 घंटे 21 मिनट चर्चा हुई तथा विनियोग विधेयक पर 5 घंटे चर्चा हुई।*

# महादेव एप घोटाला केस में देशभर में 15 जगहों पर छापेमारी

बंगाल, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में रेड जारी

**रायपुर/नईदिल्ली** । महादेव ऐप की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय देशभर में 15 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर रहा है। ये छापेमारी पश्चिम बंगाल और दिल्ली के एनसीआर क्षेत्रों में की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय महादेव एप की जांच के तहत देश भर में 15 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल, मुंबई और राष्टीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छापेमारी की जा रही है।





### महादेव एप से जुड़ी कुछ बातें

ईडी ने महादेव ऑनलाइन बुक एप के जरिए कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े धनशोधन के एक मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत के समक्ष नया आरोपपत्र दायर किया था। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी इस दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) को दुबई में अधिकारियों के साथ साझा करेगी ताकि एप के दो मुख्य प्रमोटर्स रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके।

ईडी के कहने पर दोनों को हाल ही में इंटरपोल की ओर से जारी रेड नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया गया था। समझा जाता है कि एजेंसी ने पहले आरोपपत्र की सामग्री यूएई के अधिकारियों के साथ साझा की जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट हासिल किया गया जिसके बाद इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1,700-1,800 पन्नों का नया आरोपपत्र एक जनवरी को दायर किया गया था और कथित कैश कूरियर असीम दास, पुलिस कांस्टेबल भीम सिंह यादव, एप से जुड़े एक प्रमुख कार्यकारी शुभम सोनी समेत पांच आरोपियों को आरोपी बनाया गया है। एप के मालिक होने का दावा करने वाले शुभम सोनी ने इससे पहले एक वीडियो बयान जारी किया था और ईडी को एक हलफनामा भेजा था, जिसमें दावा किया गया था कि उनके पास राजनेताओं और उनसे जुड़े व्यक्तियों को रिश्वत दिए जाने के बारे में सबूत हैं, ताकि एप को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अपना अवैध व्यवसाय चलाने की अनुमति दी जा सके। एजेंसी ने रायपुर में विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष दायर अपने पहले आरोपपत्र में चंद्राकर और उप्पल के साथ कुछ अन्य को भी नामजद किया था।

# 85 करोड़ युवा रचनात्मक शक्ति के बल परदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं

सनातन संस्कृति का यह स्वर्णिम दौर चल रहा है और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन संस्कृति के महत्वपूर्ण विचारों वसुधैव कुटुम्बकम् अर्थात् पूरा विश्व एक परिवार है तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सभी प्रसन्न एवं सुखी रहे, के इन्हीं मूलमंत्रों के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में हम सभी के मार्गदर्शक बन रहे हैं और समस्त विश्व को सनातन के विचारों से अवगत करवा रहे हैं। एक आधुनिक राष्ट्र के रूप में हमारा इतिहास करीब साढ़े सात दशक पुराना है, लेकिन हमारी सभ्यता 5,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि भारत के खाते में अनगिनत उपलब्धियां हैं। उनके स्मरण के लिए इससे बेहतर और क्या अवसर हो सकता है कि जब हम अपनी आजादी के अमृतकाल में हैं, तो केवल इस दिशा में ठोस और एकजुट प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। भारत अध्यात्म, ज्ञान, कर्म, सेवा, साधना और करुणा का देश रहा है। भारत, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं की भूमिका का महत्व पहचानने वालों का देश रहा है। ऋषियों, शिक्षकों, कवियों, गुरुओं और वरिष्ठ-जनों ने युवा-शक्ति का यथेष्ट मार्गदर्शन करके उन्हें समाज, देश और दुनिया के कल्याण की ओर सदैव प्रेरित किया है। राष्ट्र-निर्माण के कार्य में युवाओं को प्रेरित करने मेंज्समाज की, मनीषियों और चिंतकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ये मनीषी और चिंतक युवा शक्ति के लिए सदैव प्रेरक होते हैं। उनके 'रोल मॉडल' होते हैं। सामान्य तौर पर, ये रोल मॉडल समय-समय पर, देश-काल और परिस्थिति के अनुसार, बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ रोल मॉडल कभी नहीं बदलते। ऐसे ही एक कालजयी रोल मॉडल हैं- स्वामी विवेकाननंद। स्वामी विवेकानंद के विचार दुनियाभर के युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं। उन्हें युवाओं की ऊर्जा पर बहुत भरोसा था। वे कहते थे कि ङ्क'युवा वो होता है जो बिना अतीत की चिंता किए अपने भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में काम करता है'। स्वामी विवेकानंद भारत के युवा को अपने गौरवशाली अतीत और वैभवशाली भविष्य की एक मजबूत कड़ी के रूप में देखते थे। आप सभी को आज बस अपने अतीत को जानना है। क्योंकि अतीत को जानकर, उसे समझकर, आपको भविष्य के लक्ष्य तय करने हैं। अपने लिए, समाज के लिए, देश के लिए जो कुछ भी उत्तम



और कल्याणकारी है, उसे प्राप्त करने के लिए काम करना है। आज का भारत, युवा शक्ति से भरपूर है। देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या यानी लगभग 85 करोड़ युवा अपनी रचनात्मक शक्ति के बल पर हमारे देश को प्रगति की, मानव सभ्यता की नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर देखें तो आज से लगभग 9 वर्ष पहले शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत अभियान' की सफलता में युवाओं का अभूतपूर्व योगदान रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में, लोगों को प्रेरित करने में युवाओं ने प्रभावशाली योगदान दिया है। हमारे युवाओं में असीम प्रतिभा और ऊर्जा है। इस प्रतिभा और ऊर्जा का समुचित विकास और उपयोग किए जाने की जरूरत है। इस दिशा में प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं और इन प्रयासों के परिणाम भी सामने आने लगे हैं। ज्ञान-विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर, खेल के मैदान तक भारत के बेटे-बेटियां विश्व समुदाय पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। देश के कोने-कोने से नई-नई खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। खेल-कूद से हमारे अंदर टीम भावना का संचार होता है। सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए टीम भावना जगाने वाले ऐसे प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत है। आज Innovation, Incubation और Start-Up की नई धारा का नेतृत्व भारत में कौन कर रहा है? आज अगर भारत दुनिया के Start-Up Eco System में टॉप तीन देशों में आ गया है, तो इसके पीछे किसका परिश्रम है?

> स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में, लोगों को प्रेरित करने में युवाओं ने प्रभावशाली योगदान दिया है। हमारे युवाओं में असीम प्रतिभा और ऊर्जा है। इस प्रतिभा और ऊर्जा का समुचित विकास और उपयोग किए जाने की जरूरत है।

आज भारत दुनिया में यूनिकॉर्न पैदा करने वाला, एक बिलियन डॉलर से ज्यादा की नई कंपनी बनाने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बना है। तो इसके पीछे किसकी ताकत है? इन सब सवालों का एक ही जवाब है, युवा। युवाओं की मेहनत और समर्पण के दम पर ही भारत आज नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। आज से 10 साल पहले हमारे देश में औसतन चार हजार पेटेंट प्रतिवर्ष होते थे। अब इसकी संख्या बढ़कर सालाना 15 हजार पेटेंट से ज्यादा हो गई है, यानि करीब-करीब चार गुना। ये किसकी मेहनत से हो रहा है। कौन है इसके पीछे? मैं फिर से दोहराता हूं। इसके पीछे युवा ही हैं, नौजवान साथी हैं, युवाओं की ताकत है।

**प्रो. संजय द्विवेदी**

## संपादकीय

### किसान असंतोष की जड़ें


कृषि निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रमीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है। 2022-23 की इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा। लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था।

देश के किसान फिर आंदोलन की राह पर हैं। उनकी प्रमुख मांग है फसलों पर स्वामीनाथन फॉर्मूले के मुताबिक एमएसपी की कानूनी गारंटी और संपूर्ण ऋण माफी। इन मांगों को पूरा कराने के लिए कृषक समाज में जान बाजी पर लगा देने की भावना पैदा हुई है। इसकी वजह समझनी हो, तो ताजा जारी घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर गौर करना उपयोगी होगा। इस रिपोर्ट से सामने आया है कि कृषि निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रमीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है।2022-23 की इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा। लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था। इसके पहले हुए हर घरेलू उपभोग खर्च सर्वे में कृषि आधारित परिवारों का औसत व्यय अन्य ग्रामीण परिवारों से अधिक रहा था। कृषि आधारित परिवारों में वे दिहाड़ी मजदूर और अन्य खेतिहर मजदूर भी शामिल हैं, जिनकी आमदनी का कोई अन्य स्रोत नहीं है। इस नई सूरत की वजह क्या है, यह जानना महत्त्वपूर्ण होगा। फिलहाल चूंकि इस संबंध में ठोस सूचनाएं उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए इसके बारे में अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। संभव है कि इसका एक कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दूसरे कारोबारों का बढ़ना हो। मसलन, पशुपालन या बागवानी जैसे धंधों में खेती से ज्यादा मुनाफा हो रहा हो।

# मानव-वन्यजीव संघर्षः बिगड़ रहा है प्राकृतिक सन्तुलन, बढ़ रही हैं चुनौतियां

धरती पर प्राकृतिक सन्तुलन बनाए रखने और मानव जीवन के लिए सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जितना जरूरी आदमी है, उतने ही जरूरी अन्य जीव जन्तु और पादप भी हैं। इसी तरह हमारे जीवन में बहुत काम आने वाले पालतू पशु जितने जरूरी हैं, उतने ही जरूरी वन्य जीव जन्तु भी हैं। इनमें से भी अगर केवल वनस्पतियों पर निर्भर जीव जन्तु ही धरती पर रहेंगे तो यह धरती वनस्पति विहीन हो जाएगी, इसलिए दूसरे जीवों को खाने वाले मांसाहारी जीवों का सही अनुपात में सलामत रहना बहुत जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य से यह प्राकृतिक सन्तुलन बिगड़ गया है। इस असन्तुलन के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष चिन्ताजनक स्थिति जक पहुंच गया है। सुनने में तो बहुत अच्छा लग रहा है कि देश में बाघों और तेंदुओं जैसे मांसाहारी जीवों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। कूनो पार्क में विदेश से लाए गए चीतों की वंश वृद्धि की सूचना है। देश में बाघों की संख्या 3683 तक पहुंच गई। लेकिन दूसरी तरफ केरल में वायनाड, कन्नूर, पलक्कड़ और इडुक्की जिलों की मानव वन्यजीव संघर्ष की इस सरकारी रिपोर्ट के आकड़े भी देखिए जिनमें कहा गया है कि 2022-23 में इन जिलों में 8,873 जंगली जानवरों के हमले दर्ज किए गए, जिनमें से 4193 जंगली हाथियों द्वारा, 1524 जंगली सूअरों द्वारा, 193 बाघों द्वारा, 244 तेंदुओं द्वारा और 32 बाइसन द्वारा किए गए थे।

उत्तराखण्ड की राजधानी के कुछ इलाकों में लोगों को रात को घरों से न निकलने की सलाह प्रशासन द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में गुलदारों के बढ़ते हमलों को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा रखी है। श्रीनगर गढ़वाल में तो मानों गुलदारों को रात का पहरा देने की ड्यूटी लगी हो। देहरादून महानगर के आसपास जनवरी और फरवरी में मानवभक्षी तेंदुए तीन



> देश में बाघों और तेंदुओं जैसे मांसाहारी जीवों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। कूनो पार्क में विदेश से लाए गए चीतों की वंश वृद्धि की सूचना है। देश में बाघों की संख्या 3683 तक पहुंच गई। लेकिन दूसरी तरफ केरल में वायनाड, कन्नूर, पलक्क ड़ और इडुक्की जिलों की मानव वन्यजीव संघर्ष...

लोगों को निवाला बना चुके हैं। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अश्वनि कुमार चैबे द्वारा जुलाई 2022 में लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी गई लिखित जानकारी के अनुसार हाथियों ने 2019 से लेकर 2022 तक देश में 1,579 मनुष्यों को मार डाला। इनमें से सबसे अधिक 322 मौतें ओडिशा में हुईं, इसके बाद झारखंड में 291, पश्चिम बंगाल में 240, असम में 229, छत्तीसगढ़ में 183 और तमिलनाडु में 152 मौतें हुईं। सन् 2019 और 2021 के बीच बाघों ने अभयारण्यों में 125 मनुष्यों को मार डाला। इनमें से लगभग आधी मौतें महाराष्ट्र में हुईं। उत्तराखंड में हर साल मानव पशु संघर्ष बढ़ रहा है। राज्य गठन के वर्ष 2000 से लेकर 2022 तक, कुल 1,054 लोग वन्यजीवों के हमलों का शिकार हुए, 5,112 व्यक्ति ऐसे हमलों में घायल हुए। उत्तराखण्ड में गुलदारों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है और मानजीवन के लिए सर्वाधिक खतरा ये गुलदार ही बने हुए हैं।

**क्यों बढ़ रहा है मानव-वन्यजीव संघर्ष?**

इस संकट के लिए बेजुबान वन्यजीवों को अकेले दोषी ठहराना न तो न्यायसंगत् है और ना ही इससे कोई हल निकल सकता है। देखा जाए तो मनुष्य ही इस संघर्ष के लिए ज्यादा जिम्मेदार है। मानव आबादी बढ़ते जाने से उसका वन्यजीव आवासों में विस्तार होता जा रहा है जिससे वन्यजीवों के आवास की हानि और विखंडन हो रहा है। यह स्थिति वन्यजीवों को मानव बहुल क्षेत्रों में भोजन और आश्रय खोजने के लिए मजबूर करती है, जिससे संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है।

वनों की कटाई, कृषि और शहरीकरण जैसे भूमि उपयोग परिवर्तन वन्यजीव आवास और प्रवास पैटर्न को बदल देते हैं, जिससे जानवर मानव बस्तियों के निकट संपर्क में आ जाते हैं। जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिक तंत्र को बदल रहा है और वन्यजीवों के व्यवहार, वितरण और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इससे जानवरों की गतिविधियों और सीमाओं में परिवर्तन हो सकता है।

अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार जैसी अवैध गतिविधियां पारिस्थितिक तंत्र को बाधित करती हैं और वन्यजीव आबादी को कम कर सकती हैं, जिससे संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है और मनुष्यों के साथ संघर्ष हो सकता है।

जयसिंह रावत

## मिला जुला

# पहली बार ट्रांसजेंडर को फांसी की सजा, 3 महीने की बच्ची का किया था रेप और मर्डर

मुंबई। ट्रांसजेंडर शख्स को अदालत ने तीन महीने की बच्ची से रेप और हत्या के जुर्म में मौत की सजा सुनाई है। यह देश का पहला मामला है, जब किसी ट्रांसजेंडर को फांसी की सजा मिली है।

> जज अदिति कदम ने फैसला सुनाते हुए कहा, उम्रकैद नियम है और मौत की सजा अपवाद है। रेयर ऑफ द रेयरेस्ट केस में यह सजा मिलती है। यह अपराध ऐसा ही है। इस मामले में अमानवीयता और बर्बरता दिखाई गई।



मुंबई की सेशन कोर्ट के जज अदिति कदम ने यह फैसला सुनाया है। जज अदिति कदम ने फैसला सुनाते हुए कहा, उम्रकैद नियम है और मौत की सजा अपवाद है। रेयर ऑफ द रेयरेस्ट केस में यह सजा मिलती है। यह अपराध ऐसा ही है। इस मामले में जिस तरह से अमानवीयता और बर्बरता दिखाई गई, उससे यह दुर्लभ केस बन जाता है।

24 साल के ट्रांसजेंडर पर नवजात बच्ची की किडनैपिंग, रेप और हत्या का केस चल रहा था। उसने मुंबई के कफे परेड इलाके में 2021 में इस वीभत्स घटना को अंजाम दिया था। ट्रांसजेंडर शख्स को अदालत ने जब सजा सुनाई तो उसके चेहरे पर कोई भाव नहीं था और वह चुपचाप खड़ा रहा। वहीं घटना का शिकार हुई नवजात बच्ची के माता-पिता और परिवार के अन्य लोग फैसले के बाद अदालत पहुंचे। बच्ची के पिता ने कहा कि इस मामले में अदालत में तेजी से कार्यवाही आगे बढ़ी। हम इस फैसले से संतुष्ट है।

जांच के मुताबिक बच्ची के जन्म के बाद ट्रांजसेंडर परिवार के पास गिफ्ट की मांग करते हुए पहुंचा था, जैसा कि आम रिवाज है। हालांकि परिवार ने उसे कोई शगुन देने से इनकार कर दिया। इस मौके पर परिवार के साथ उसका झगड़ा भी हुआ था। इससे वह परिवार से चिढ़ने लगा था। एक दिन जब परिवार के लोग सो रहे थे, तब वह चोरी से घर में घुस आया। वह बच्ची को उठा लाया और उसका रेप किया। फिर उसकी हत्या कर दी और पास की एक नहर में फेंक दिया। पॉक्सो कोर्ट की जज ने कहा कि यह कोल्ड ब्लडेड मर्डर था।

उन्होंने कहा कि यह ऐसा अपराध जिसने किसी भी बच्ची के माता-पिता को सदमे में डाल दिया। दोषी के दिमाग में किस हद तक जहर भरा था और उसकी क्या मानसिकता रही होगी, यह भी समझ से परे है। जज ने कहा कि यह मामला मौत की सजा के लिए उपयुक्त है। फैसले में जज ने कहा कि दोषी ने पहले से ही इस तरह के घृणित अपराध की योजना बना रखी थी। फिर उसे कुत्सित तरीके से अंजाम दिया गया। इस मामले में बच्ची की मां ने शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि अदालत ने इस मामले के एक अन्य आरोपी को बरी कर दिया है।

## एक नजर

### वाईएसआरसीपी के पास कोई विजन या मिशन नहीं : राजनाथ सिंह

**काकीनाडा** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार पर कोई विजन और मिशन नहीं होने का आरोप लगाया। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में रेत माफिया, खनन माफिया और शराब माफिया राज कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी भाजपा आंध्र प्रदेश में सत्ता में आएगी और राज्य में अधिकतम लोकसभा सीटें भी जीतेगी।

### भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली** । रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बर्लिन में जर्मनी के रक्षा सचिव बेनेडिक्ट ज़िमर के साथ भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की।

# पीएम मोदी ने थूथुकुडी में 17,300 करोड़ के प्रोजेक्ट इनॉगरेट किए

## बोले- सच कड़वा होता है, यूपीए सरकार ने आपके विकास की फिक्र नहीं की

*चेन्नई/मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इनमें देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल है। इस वेसल को हरित नौका इनीशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही PM ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी।*







PM ने 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 लाइट हाउसेस में पर्यटक सुविधाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इसके अलावा 1,477 करोड़ की लागत से कन्याकुमारी, नागरकोइल और तिरुनेलवेली से चेन्नई तक के रेल प्रोजेक्ट्स और 4,586 करोड़ की चार सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा PM ने कुलाशेखरपट्टीनम में ISRO के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। ये कॉम्प्लेक्स 986 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यहां से हर साल 24 लॉन्च किए जाएंगे। कॉम्प्लेक्स में 35 फैसिलिटी और एक मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर शामिल होगा। इस मौके पर PM ने कहा, तमिलनाडु और देश की जनता को एक सत्य बताना जरूरी है। सत्य कड़वा होता है, लेकिन मैं सीधा आरोप UPA सरकार पर लगाना चाहता हूं। जो परियोजनाएं मैं आज यहां लेकर आया हूं वह दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। आज जो लोग यहां सत्ता में बैठे हैं वे तब दिल्ली में बैठे थे, सरकार और यह विभाग चलाते थे, लेकिन उन्हें आपके विकास की फिक्र नहीं थी। PM मोदी 27 फरवरी को तमिलनाडु के तिरुपूर के पल्लदम पहुंचे थे। यहां उन्होंने पिछले साल जुलाई से शुरू हुई 6 महीने की पदयात्रा एन मन एन मक्कल (मेरी भूमि, मेरे लोग) कार्यक्रम के समापन समारोह में हिस्सा लिया था।

*तमिलनाडु के लोगों ने काशी को बहुत बड़ा उपहार दिया-PM ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया वे विकसित भारत के रोडमैप का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना भी देखने को मिलेगी। आज भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन फेरी लॉन्च की गई है। यह फेरी जल्द ही काशी में गंगा नदी में चलेगी, यह एक तरह से तमिलनाडु के लोगों का काशी के लोगों को बहुत बड़ा उपहार है।*

### *मैरीटाइम सेक्टर की ग्रोथ से तमिलनाडु की ग्रोथ होगी*

*PM ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारत मैरीटाइम और वाटरवेज के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रहा है। आने वाले समय में मैरीटाइम सेक्टर की ग्रोथ कई गुना बढ़ने वाली है और इसका तमिलनाडु के तटीय इलाकों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। इससे युवाओं के लिए नौकरी के अवसर निकलेंगे।*

***विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति में विकसित तमिलनाडु की बड़ी भूमिका-*** *PM ने कहा कि आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। इस लक्ष्य में विकसित तमिलनाडु की भूमिका बहुत बड़ी है।*

हिमाचल विधानसभा के स्पीकर की बड़ी कार्रवाई

# बजट सत्र में बीजेपी के 15 विधायक सस्पेंड



*शिमला । हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम तेज हो गया है। बुधवार सुबह भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात की और कहा कि कांग्रेस सरकार अपने विधायकों का भरोसा खो चुकी है।*

इसलिए सदन में फ्लोर टेस्ट करवाने की मांग उठाई। हिमाचल विधानसभा में आज बजट भी पेश होना है। बजट सत्र के दौरान स्पीकर ने बड़ा एक्शन लेते हुए भाजपा के 15 विधायकों को सस्पेंड कर दिया। जिन विधायकों को सस्पेंड किया है, उनमें पूर्व सीएम जयराम ठाकुर भी शामिल हैं। स्पीकर कुलदीप पठानिया ने सदन की कार्यवाही के दौरान उनके साथ बदसलूकी और गाली गलौज का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायकों को सस्पेंड कर दिया। इससे पहले, स्पीकर ने राज्यपाल से भी मुलाकात की थी।

आपको बता दें कि हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के शुरू होते ही जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी विधायकों पर स्पीकर के साथ धक्का मुक्की और गाली गलौज का आरोप लगाए गए। इस दौरान विपक्षी सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करने लगे।

# समय का सदुपयोग कर करें कड़ी मेहनत, मिलेगी सफलता-कलेक्टर

## उत्तम मेमोरियल कॉलेज में आयोजित हुआ दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




उत्तम मेमोरियल कॉलेज पटेलपाली रायगढ़ में विज्ञान विषय अंतर्गत इमर्जिंग ट्रेंड्स इन बेसिक साइंसेज, फिजिकल, केमिकल बायोलॉजिकल एंड एनवायरमेंटल साइंसेज का दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित किया गया। समापन समारोह में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल शामिल हुए।

कलेक्टर गोयल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र देश की उन्नति के लिए आवश्यक है, युवाओं का सफल होना अनिवार्य है तभी देश वर्ल्ड पावर बन सकेगा। हम किसी को रोक नहीं सकते लेकिन स्वयं को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती है, समय का सदुपयोग कर कड़ी मेहनत करें तभी सफल होकर अपने माता-पिता के सपनों को साकार कर पाओगे। कलेक्टर गोयल ने संगोष्ठी में उपस्थित विषय-विशषज्ञों से जिले के छात्र-छात्राओं को रिसर्च एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.राम प्रकाश अग्रवाल, चीफ एडिटर, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मोकोलॉजी एंड बायोलॉजिकल साइंसेज, जलगांव ने दो दिवस के प्रतिवेदन की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि उत्तम मेमोरियल कॉलेज का प्रयास अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी में 4 देशों के मुख्य स्पीकर, 81 राज्यों के विषय-विशेषज्ञों ने सहभागिता दिया। संगोष्ठी में 200 से अधिक पेपर प्रस्तुत की गई, जिसमें 99 ऑफलाईन थी एवं 467 रजिस्ट्रेशन हुए थे जो संगोष्ठी की सफलता को दर्शाता है। उत्तम मेमोरियल कॉलेज के चेयरमैन श्री गौतम चौधरी ने संगोष्ठी में उपस्थित समस्त अतिथियों, शिक्षाविदों, रिसर्च स्कॉलर, महाविद्यालय के समस्त सदस्यों, छात्र-छात्राओं, एनएसएस एवं रेडक्रॉस यूनिट की टीम को सहयोग करने एवं संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ.डब्ल्यू.बी.गुरनुले प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री, कमला नेहरू महाविद्यालय नागपुर डॉ.विष्णु नारायण मिश्रा, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफमैथमेटिक्स, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल युनिवर्सिटी, अमरकंटक, डॉ.ममता कड़ावाला, डायरेक्टर बीएम कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी गुड़गांव, डॉ.ज्योति आर्या विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी, वैदिक पीजी कॉलेज जयपुर, डॉ.सतेंद्र कुमार निराला सहायक प्राध्यापक डिपार्मेंट आफ रूरल टेक्नोलॉजी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर, डॉ.भास्कर शर्मा सहायक प्राध्यापक डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री गुरु घासीदास विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर, डॉ.रमेश कुमार तंबोली सहायक प्राध्यापक किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, डायरेक्टर श्री संजय चौधरी एवं श्री संतोष चौधरी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.गोमती सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में समापन समारोह संपन्न हुआ।

# अग्निवीर पुरुष भर्ती के परिणाम घोषित

## छत्तीसगढ़ से 870 उम्मीदवारों को मिली सफलता

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परिणाम 27 फरवरी 2024 को घोषित कर दिया गया है। दिसंबर 2023 में जांजगीर चांपा भर्ती में 5532 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। जिसमें से 870 उम्मीदवार अग्निवीर जीडी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए चुने गए हैं। जो की इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। अग्निवीर क्लर्क का परिणाम 01.02 दिन में आने की संभावना है। पिछले साल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से छत्तीसगढ़ के 434 अभ्यार्थी चयनित हुए जब के इस साल संख्या दोगुनी हो गई है, इस से यह प्रदर्शित होता है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में भारतीय सेना में शामिल होने के लिए भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी साइट पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए है। सभी अभ्यर्थियों को 05 मार्च 2024 को सुबह 07.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो की शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है वहां प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग 1 मई 2024 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंट्रो में शुरू होगी। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा सभी सफल उम्मीदवारों से अनुरोध किया गया है कि सभी अभ्यार्थी अपने साथ खाने की व्यवस्था रखें। भारतीय सेना में सभी सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालों से सावधान रहें। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771.2965212 एवं 0771.2965213 पर संपर्क कर सकते हैं।

# वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिले को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

## जिले की विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए दी 23.82 करोड़ रुपए की स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिले को करोड़ों रूपए के निर्माण कार्यों की सौगात दी है। ओ.पी.चौधरी रायगढ़ क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए लगातार प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में वित्त मंत्री ने रायगढ़ के लिए 23 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है।

वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने जिला रायगढ़ के कोड़ातराई लोहरसिंग जोगीतराई मार्ग में 4 किलो मीटर के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 35 लाख 82 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसी तरह पुसौर रेंगालपाली मार्ग में 10 कि.मी.मजबूतीकरण निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 14 लाख 32 हजार रूपये, बड़े भंडार उमरिया पुसौर रेंगालपाली मार्ग में 7.425 किलो मीटर के मजबूतीकरण हेतु 7 करोड़ 95 लाख 12 हजार रुपये एवं रायगढ़ के ग्राम-पेलमा में मटियाकछार मार्ग लंबाई 3.20 किलो मीटर निर्माण कार्य के लिए 5 करोड़ 36 लाख 83 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# सीजीपीएससी : थाने में दर्ज हुआ पूर्व चेयरमैन सहित अन्य पर मामला, शिकायतकर्ता का नाम उजागर नहीं




**बालोद** । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के कथित घोटाले मामले को लेकर बालोद जिले के अर्जुंदा थाने में पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी सहित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। धारा 420 एवं भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत यह मामला पंजीकृत किया गया है। एसपी एसआर भगत ने इसकी पुष्टि की है वहीं मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण शिकायत कर्ता का नाम अभी गुप्त रखा गया है, पुलिस ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया है लेकिन पूरा मामला हायर एजेंसी को सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार, बालोद जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अभ्यर्थी ने लिखित में शिकायत की है कि वह पीएससी द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2021 में शामिल हुआ था। वह प्रीलिम्स और मेंस पास होने के बाद इंटरव्यू तक पहुंचा। उसका इंटरव्यू भी अच्छा गया, लेकिन चयन नहीं हुआ, जबकि कुछ लोग इंटरव्यू से तुरंत निकल गए। उसके बाद भी उनका चयन हो गया। इसमें पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी का बेटा, बहू, पुत्री और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। इनके अलावा कांग्रेसी नेता, अधिकारी, कर्मचारी और प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदार भी थे। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में जो उम्मीदवार परीक्षा में नहीं बैठे थे। उनका भी चयन हुआ है।

पूरे मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अपराध पंजीबद्ध तो हो चुका है क्योंकि मामला हाई प्रोफाइल है इसलिए इसे बेहद संजीव के साथ जांच किया जा रहा है शिकायतकर्ता के परिवार और उसके नाम को गुप्त रखा गया है मामला बेहद संवेदनशील है उन्होंने बताया की धारा 420 के साथ-साथ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है बालोद में शिकायत के बाद पूरा पुलिस प्रशासन इस मामले में जुट गया है।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को दिया उद्यमिता का प्रशिक्षण

## उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के सात दिवसीय कार्यकम का सफलतापूर्वक हुआ समापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 19 से 27 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023.24 में बैंकों द्वारा स्वीकृत प्रकरणों के लाभार्थियों का प्रशिक्षण जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में रखा गया। इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को व्यवसाय, व्यापार एवं उद्योग को सफलतापूर्वक संचालन करने प्रभावी संचार कौशल, मार्केटिंग मैनेजमेंट, उद्यमशीलता की क्षमताओं को विकसित करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित लाभार्थियों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## एक नजर

### सहायिका पद के लिए 20 मार्च तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 48 नगर पालिका निगम क्षेत्र रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 20 मार्च 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पद के लिए लिखित परीक्षा 10 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सेवा एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक/कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश पत्र, अभ्यर्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट www.cgslsa.gov.in पर अपलोड की गई है, जहां से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। इसके साथ ही अनुवादक एवं वाहन चालक के पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए मेरिट लिस्ट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट पर प्राप्त कर सकते है।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 20 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कोलढोढ़ी निवासी मार्सल मिंज का आकाशीय बिजली गाज से 25 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी उर्मिला मिंज हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम गोढ़ीकला निवासी आर्यन दिवाकर का कुआं के पानी में डुबने से 05 मार्च 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम् वारिस मृतक के पिता केदारनाथ दिवाकर, ग्राम डुडुंगजोर निवासी खुशी लहरे का आग से जलने से 03 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम् वारिस मृतिका के पिता सुरेश कुमार लहरे, ग्राम मुड़ाबहाल निवासी सातो बाई का कुआ के पानी में डुबने से 15 नवम्बर 20215 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पाति कुंवर साय एवं ग्राम बुटराकछार निवासी परदेशी नोनकी का नदी के पानी में डुबने से 30 मई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटमत वारिस मृतक के पत्नी केन्दी नोनकी हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024

### जिला स्तरीय नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 05 मार्च तक रायपुर में आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, ई.रोल, पोस्टल बलेट, ईईएमए एसीसी, डीईएमपी, ईएम तथा जिले के इलेक्सन सुपरवाईजर, असिस्टेंट सुपरवाईजर हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 26 फरवरी से 05 मार्च 2024 तक प्रात: 10 बजे से सायं 6.30 बजे तक न्यू सर्टिक हाउस, सिविल लाईन रायपुर स्थित कन्वेन्शन हॉल में आयोजित किया गया है। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने जिले के नोडल अधिकारी एवं संबंधित कमर्चारियों को बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

# नारायण सेवा संस्थान का दुर्घटना में अंगहीन हुए छत्तीसगढ़ के दिव्यांगों के लिए रायपुर में विशाल कृत्रिम अंग शिविर 17 मार्च को




**रायपुर** । उदयपुर राजस्थान का प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ में दिव्यांगों के कल्याणार्थ विशाल नि:शुल्क शिविर का आयोजन 17 मार्च को रायपुर के एमजी रोड़ स्थित जैन दादावाडी परिसर में आयोजित होगा।

संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबिसा ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है,उन्हें दिव्यांगता की दु:खभरी ज़िन्दगी से निकालने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 39 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। छत्तीसगढ़ के दिव्यांग जनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण आर्टिफीशियल लिम्ब मैजरमेंट शिविर रायपुर के जैन दादाबाड़ी,एमजी रोड़ में रविवार 17 मार्च को प्रात: 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा। यह संस्थान की %कुआं प्यासे के पास% योजना के तहत छत्तीसगढ़ में शिविर आयोजित हो रहा है।

संस्थान के महागंगोत्री प्रभारी रजत गौड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि नारायण सेवा संस्थान का यह फ्री कैम्प विशेष है। इसमें दिव्यांग बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी एवं विशेषज्ञ ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक टीम द्वारा देखा जाएगा और टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के व टिकाऊ आर्टिफिशियल लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिम्ब बनाये जायेंगे। इन दिव्यांगों को संस्थान लगभग दो माह बाद इनके मेजरमेन्ट के अनुसार मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर नि:शुल्क फिटमेंट करेगा।

गौड़ ने बताया किइस शिविर के लिए संस्थान पदाधिकारीयों ने रायपुर के सम्मानित व्यक्तियों और छत्तीशगढ़ शासन के मंत्रियों को आमन्त्रित किया है। शिविर में स्थानीय संगठन श्री मानव सेवा संस्थान, मंगल भवन, अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति, छत्तीशगढ़ प्रांतीय महिला अग्रवाल संगठन, महिला पतंजलि योग समिति, रायपुर करेला समाजम, श्री श्याम सेवादारी महिला संघ, छत्तीशगढ़ सर्व नाई समाज, छत्तीशगढ़ प्रदेश साहू संघ,राजश्री इंटर प्राइजेज,श्रीरामजी की सेना, अग्रवाल सभा रायपुर गुढीयारी मोहल्ला समिति, राणा फाउंडेशन,मणिकार्निका सहित 30 से ज्यादा समाज और संघ नारायण सेवा संस्थान के इस शिविर में स्वयंसेवक सहयोगी के रूप में जुड़ गए। कांफ्रेंस में संस्थान के पदाधिकारीयों और रायपुर आश्रम प्रभारी भरत पालीवाल और कौशल पालीवाल ने शिविर पोस्टर का विमोचन किया। संस्थान के जनसंपर्क एवं मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ ने दिव्यांगों को लाभ लेने के लिए अपील करते हुए कहा इस शिविर का लाभ लेने के इच्छुक दिव्यांग स्वयं का आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो लेकर आए। रोगियों को कैम्प स्थल पर नि:शुल्क भोजन वितरित किया जाएगा। नारायण सेवा संस्थान 1985 से नर सेवा-नारायण सेवा की भावना से काम कर रहा है।

संस्थापक कैलाश मानव को राष्ट्रपति महोदय ने मानव सेवा के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा है । संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल दिव्यांगों के लिए मेडिकल, शिक्षा, कौशल विकास और खेल अकादमी के माध्यम से मानसिक,शारीरिक एवं आर्थिक दृष्टि से मजबूत कर लाखों दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में ला चुके है। वर्ष 2023 में अग्रवाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान अब तक 41200 से अधिक कृत्रिम अंग लगा चुका है, तथा रायपुर, छत्तीसगढ़ से उदयपुर पहुंचे 3000 लोगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रदान कर उनकी रुकी जिन्दगी को फिर से शुरू कर चुका है।

विशेष अभियान :

# फरार वारंटियों पर जारी विशेष अभियान के पहले ही दिन 51 वारंटी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।









पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर बेसिक पुलिसिंग के तहत जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत 27 फरवरी एवं 28 फरवरी के शाम तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के फरार 26 स्थायी एवं 25 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना प्रभारियों द्वारा फरार वारंटियों की सूची तैयार कर थाना स्तर पर टीमें बनाई गई है जिनके द्वारा सक्रिय मुखबीरों से सूचनाएं लेकर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया जा रहा है। 27 फरवरी से जारी विशेष अभियान में थाना कोतरारोड़ द्वारा 16, घरघोड़ा द्वारा 6, कोतवाली, चक्रधरनगर, खरसिया द्वारा 5-5, चौकी खरसिया द्वारा 3 एवं थाना जूटमिल, पूंजीपथरा, तमनार द्वारा 2-2 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है, जहां कई स्थायी वारंटियों का जेल वारंट प्राप्त होनो पर वारंटियों को जेल दाखिल किया गया है, फरार वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जिले में कानून व शांति व्यवस्था का तंत्र होगा मजबूत

## शांति एवं कानून व्यवस्था पहली प्राथमिकता, सबका सहयोग आवश्यक–कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



जिले में सुरक्षातंत्र को मजबूत करने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह की उपस्थिति में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर और पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण बैठक संम्पन्न हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी चौहान, अपर कलेक्टर आई, एल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एसडीओपी, तहसीलदार, समस्त थाना प्रभारी एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले में सुरक्षातंत्र को मजबूत कर शांति व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु विभिन्न निर्देश दिए। जिसमें कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुसार जिले में शांति व्यवस्था एवं सद्भावना बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस को प्रभावी समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे जिले में कोई भी घटना घटित होती है उसकी सूचना जल्द प्राप्त हो, जिसके लिए सभी अमलो को सजग रहकर कार्य करना है। घटना पर संवेदनशीलता से कार्य करना है। प्रशासन एवं पुलिस को प्रत्येक गतिविधि की जानकारी होनी चाहिये। जिसके लिए सूचना तंत्र मजबूत करने एवं आमजनों से परस्पर जुड़े रहने के निर्देश दिए हैं। जिससे उनका सहयोग प्रशासन व पुलिस को प्राप्त हो। उन्होंने राजस्व और पुलिस के अमलो को अपने दैनिक कार्यों के साथ ही शांति व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं निरंतर मॉनिटरिंग करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई करें और वास्तविक घटनाओं से अवगत होकर छोटे स्तर पर निराकरण करें। एसडीएम, एसडीओपी तहसीलदार छोटे स्तर तक अर्थात ग्रामीण जन तक पहुंच

**प्रशासन व पुलिस के बीच हुई समन्वय बैठक**

**आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई बैठक आयोजित**

**हर मामलों में हमेशा सजग रहे समन्वय कर समाधान के बेहतर रास्ता निकालें-एसपी**

बेहतर बनाएं जिससे सूचना समय पर उपलब्ध हो सके। सामाजिक, व्यापारिक, राजनीतिक एवं अन्य संगठन निरंतर बैठक करें।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा है कि विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। तत्काल सूचना देने कहा मामलों में हमेशा सजग रहें। समन्वय कर समाधान के बेहतर रास्ता निकालें। जिससे किसी को परेशानी ना हो, समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण करना सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कही भी दुर्घटना होती है वहा पुलिस तत्काल पहुंचे एवं आवश्यक कार्यवाही के साथ ही आमजन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था पहली प्राथमिकता है सभी संगठनों से बेहतर समन्वय बनाकर रखें। आपका सूचना, आपका सहयोग आवश्यक है जिससे जिले में शांति व्यवस्था बेहतर की जा सके। इसमें समाज के हर वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है। आपके सहयोग से चोर पकड़े जा रहे हैं जो कि आपके सूचना तंत्र का ही प्रमाण है। सभी संगठनों से बैठक करें। बेहतर नियंत्रण के लिए सभी का सहयोग एवं सूचना तंत्र मजबूत होना आवश्यक है।



# जिले में 3 मार्च को पिलायी जायेगी पल्स पोलियो वैक्सीन



जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

**राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च से शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अभियान में रायगढ़ जिले के शून्य से 5 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी। अभियान में पहले दिन 3 मार्च को बूथ स्तर पर एवं 4 तथा 5 मार्च 2024 को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर–घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा।**

पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियों में जूट गयी है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी है, वैक्सीन एवं आई.ई.सी.सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरित की जा चूकी है। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन को सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिले के पहुंच विहीन क्षेत्र, मेला बाजार, ईट भट्ठों, मलीन बस्तियों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं विभिन्न आद्यौगिक क्षेत्रों में पोलियों की खुराक पिलाने के लिए मोबाईल टीम का गठन किया गया है। रविवार 3 मार्च को सुबह कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ जिला एवं विकासखण्डों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जायेगा। रायगढ़ जिले में कुल 1308 बूथ, 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला बाजार स्थल एवं 25 मोबाईल दल, जिसमें कुल 2730 सदस्य एवं 283 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य संपादन करेगें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.आर.एन.मंडावी द्वारा सभी अभिभावकों से अपील है कि वे अपने 5 साल तक के सभी बच्चों को रविवार 3 मार्च 2024 को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियों वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्य पिलायें।

# पीसीपी एनडीटी एक्ट अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में विगत दिवस जिला अस्पताल के सभाकक्ष में पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की आयोजित की गई। बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्य नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. अनुभा ज्योत्सना लकड़ा, मेडिसिन विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय जशपुर डॉ. एफ.खाखा. जिला अभियोजन अधिकारी विपिन कुमार, शासकीय अभिभाषक, जिला न्यायालय जशपुर चन्द्रमोहन प्रसाद सिंह, जिला जन सम्पर्क अधिकारी अजीत एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता,गढ़ाटोली, जशपुर कृपा शंकर भगत,बाकीटोली और जशपुर वासुदेव राम यादव उपस्थित थे। बैठक में डॉ. मंजू मिंज, मिंज क्लीनिक शांति भवन चर्च के पास, रायगढ़ रोड जशपुर द्वारा दिये गये आवेदन अनुसार मिंज क्लीनिक में संचालित सोनोग्राफी मशीन के संचालन हेतु संस्था का पंजीयन तक किया गया था। जिसके रजिस्ट्रेशन के रिनेवल हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में चर्चा की गई। जिला सलाहकार समिति द्वारा लिए गये निर्णय अनुसार मिंज क्लीनिक जशपुर में संचालित सोनोग्राफी मशीन के संचालन हेतु रजिस्ट्रेशन का

रिनेवल पुनः 05 वर्ष के लिए किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की जा सकती है। मेघा अग्रवाल, संचालक डिवाइन मेडिकेयर अस्पताल एचएम टॉवर सिविल के सामने द्वारा दिये गये आवेदन अनुसार डिवाइन मेडिकेयर अस्पताल में संचालित सोनोग्राफी मशीन का संचालन डॉ.निधि गर्ग स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा प्रत्येक रविवार को तथा डॉ. ललित कुमार अग्रवाल अपनी सेवाएं सोनोग्राफी व इकोकार्डियोग्राफी मशीन के संचालन हेतु प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार तथा शनिवार को पूरे समय एवं हफ्ते के अन्य दिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के मध्य अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. निधि गर्ग स्त्रीरोग विशेषज्ञ सोनोग्राफी करने तथा डॉ. ललित कुमार अग्रवाल सोनोग्राफी व इकोकार्डियोग्राफी करने हेतु निर्धारित मापदण्डों को पूर्ण कर रहे हैं।

# आबकारी अमले को दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



न्यायालय के नवीन निर्णयों और नवीन न्यायिक सुधारों के संबंध में एनडीपीएस एक्ट 1985 के प्रकरणों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक अभियोजन और पुलिस विभाग के सहयोग से आबकारी विभाग के कार्यपालिक स्टॉफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में उप संचालक अभियोजन वेदप्रकाश पटेल एवं एडीपीओ अंकित होरा द्वारा सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ नामित पुलिस विभाग रायगढ़ के ईगेश्वर यादव द्वारा एक न्यायालयीन प्रकरण की केस स्टडी/प्रजेंटेशन के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायगढ़ के अतिरिक्त सारंगढ़, सक्ती, जांजगीर एवं कोरबा के आबकारी अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्रय एवं सेवाओं के कार्यों को नियमानुसार करें–कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

## कलेक्टर गोयल की अध्यक्षता में आयुष दीप समिति की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

**कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयुष दीप समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहें। क लेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में संचालित संस्था एवं कार्यों की जानकारी ली।**



जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि जिले में संचालित आयुष विभाग अंतर्गत जिले में 85 संस्था संचालित है। जिसमें से 69 संस्था रायगढ़ में तथा 16 संस्था सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में संचालित है। इस दौरान उन्होंने आयुष में स्वीकृत पदों एवं रिक्त पदों की भी जानकारी दी। उन्होंने विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों का सेटअप, स्वयं के भवनों में संचालित, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में उन्नयन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किए गए कार्य, शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय रायगढ़ में पदस्थ चिकित्सकों–कर्मचारियों की जानकारी, आयुर्वेद जिला चिकित्सालय में वर्षवार रोगियों की संख्या, आयुष दीप समिति की आय एवं व्यय की जानकारी के साथ ही बैठक का पालन प्रतिवेदन की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने समिति के समक्ष शासकीय आयुर्वेद औषधालय में सामग्रियों के क्रय, शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय के कक्ष में मरम्मत एवं सफाई, रंगाई–पोताई के कार्योत्तर स्वीकृति की प्रस्ताव रखी। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने अनुमति प्रदान करते हुए क्रय एवं सेवाओं से संबंधित सभी कार्यों को भंडार क्रय नियम के तहत किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.आर.एन.मण्डावी, ईई पीडब्ल्यूडी, डॉ.नीरज कुमार मिश्रा, डॉ.अवधेश महापात्र, डॉ.संतोष कुमार गुप्ता, डॉ.अनुराधा सिंह उपस्थित रहें।

### वृहद स्थान में करें व्यायाम कार्यक्रम

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि जिले के विभिन्न आयुष औषधालय में व्यायाम योगा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने जिला आयुर्वेद अधिकारी को निर्देशित किया कि योगा, व्यायाम से संबंधित गतिविधियों को खुले एवं वृहद स्थान में आयोजित करें, जिससे अधिक से अधिक लोग जुड़कर लाभान्वित हो सके।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में हुई अंतर्राज्यीय उच्च स्तरीय समन्वय बैठक

## संभाग आयुक्त एवं आईजी ने ली बैठक,सीमावर्ती जिले छत्तीसगढ़, ओडिसा और झारखण्ड के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में थे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।




आगामी लोकसभा चुनाव–2024 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इसी के मद्देनजर छत्तीसगढ़, ओडिसा और झारखण्ड के सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कानून व्यवस्था और निर्वाचन के संचालन के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक जशपुर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में संभाग आयुक्त जी आर चुरेंद्र एवं आईजी सरगुजा रेंज अंकित गर्गबैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह,जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सीमावर्ती राज्य के जिला गुमला एसपी, सिमडेगा एसपी, सुंदरगढ़ एसपी, कमाडेंट सीआरपीएफ 218 बटालियन गुमला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। आईजी सरगुजा रेंज अंकित गर्ग की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति बनाने को लेकर बैठक में गहन चर्चा की गई। साथ ही सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अंतरर्राज्यीय सीमा से असमाजिक तत्वों एवं अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ए झारखण्ड और ओडिसा राज्य के सीमावर्ती थाने में वायरलेस सेट ऑपरेटर के माध्यम से सतत् संचार कर सूचना का आदान–प्रदान करने पर चर्चा की गई ।उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान हमारी पूरी कोशिश एवं प्राथमिकता होनी चाहिए की सुरक्षा बल सभी जगह मौजूद हो। हर स्तर पर बेहतर तालमेल बना कर काम करना हैं। संवेदन व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं बेहतर तालमेल के साथ निर्वाचन करना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। आईजी अंकित गर्ग ने कहा कि सभी के बेहतर समन्वय से ही बेहतर काम किया जा सकता हैं। जो समन्वय और सहयोग की भवना हैं इसी से ही बेहतर परिणाम मिलेगा। सभी कामकाजों, गतिविधियों की एसपी स्तर पर मॉनिटरिंग हो, ताकि कहीं कोई कमी नहीं रह पाए। सतत् संचार कर सूचना का आदान–प्रदान हर स्तर पर हो। कानून व्यवस्था के लिए संयुक्त अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिए। सरगुजा कमिश्नर ने जी आर चुरेंद्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन शांति एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए सभी की समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कहा कि आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सीमावर्ती जिलों का आपसी सहयोग व समन्वय बेहद अहम है। पहले भी बेहतर समन्वय के साथ काम किया जा रहा था।

लेकिन अब निर्वाचन कार्य में समन्वय, आपसी तालमेल को और बेहतर करना है। तथा सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने सुझाव दिया। जशपुर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने गुमला, सुंदरगढ़ और सिमडेगा जिले के सीमा से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखते हुए विस्तार से जानकारियां दी। जिस पर सभी जिलों के कलेक्टर एवं एसपी ने आवश्यक कार्यवाही हेतु सहमति जताते हुए अपनी.अपनी बात रखी। वही चेकपोस्ट व अन्य आवागमन के रास्तों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। बैठक के दौरान सीमा जांच बिंदुओं तथा सीलिंग प्वाइंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की गई। इस मौके पर सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान.प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी। साथ ही नक्सल विरोधी अभियानए कानून व्यवस्था एवं अपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर तालमेल के साथ आगामी चुनाव को संपादित करने के लिए पुलिस थाना स्तर, जिला स्तर, रेंज स्तर व अंतर्राज्यीय स्तर की लगातार बैठक आयोजित करने कहा गया।



## पोचर ने रिलीज होते ही ओटीटी पर बनाया रिकॉर्ड




आलिया भट्ट आज के समय में बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में से एक मानी जाती हैं. आलिया ने कड़ी मेहनत से अपने करियर में एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल की हैं. आलिया एक शानदार एक्ट्रेस तो हैं ही अब उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के जरिए करियर में एक और माइलस्टोन पार लिया है. हाल ही में एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोचर से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया है जो काफी वायरल हो रहा है. एमी अवॉर्ड विनर रिची मेहता द्वारा निर्देशित सीरीज पोचर को 23 फरवरी को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया था. सीरीज की कहानी हाथी के दांत के लिए हो रही हाथियों की गैर-कानूनी हत्या पर आधारित है. पहले ही दिन पोचर ने ओटीटी पर इतिहास रच दिया, जिसने आलिया को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।



## महारानी 3 में मेरा किरदार शांत लेकिन चुनौतीपूर्ण है : अनुजा साठे

एक्ट्रेस अनुजा साठे स्ट्रीमिंग राजनीतिक ड्रामा शो महारानी के अपकमिंग तीसरे सीजन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया है कि शो में कीर्ति सिंह का उनका किरदार चुनौतीपूर्ण है।

एक्ट्रेस ने कहा कि शुरुआत में उनके लिए बिहारी लहजा बोलना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उनके डायलेक्ट कोच ने उन्हें भाषा की बारीकियों और उच्चारण में मदद की। इस पर विस्तार से बताते हुए, अनुजा ने कहा, कीर्ति का किरदार शांत लेकिन संतुलित व्यक्ति के जैसा है, जबकि मैं व्यक्तिगत रूप से एक ऐसी व्यक्ति हूं जो सीधी-सादी है और अपने मन की बात खुलकर कहना पसंद करती है। यह काफी विरोधाभासी किरदार रहा है, मुझे खुशी है कि मैंने इस चुनौती को चुना। सुभाष सर के मार्गदर्शन से, मैं कीर्ति के किरदार को जीवंत बनाने में कामयाब रही। हालांकि, मैं अपने डायलेक्ट कोच को भी श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे बिहारी लहजा सीखने में मदद की, जो शुरू में मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था। एक्ट्रेस ने आगे कहा, कीर्ति की यात्रा के बारे में दिलचस्प बात यह है कि वह अच्छे और बुरे के बीच की रेखा को कैसे पार करती है। न तो वह नायक है और न ही खलनायक, वह दोनों का मिश्रण है, जो उसके किरदार को और भी ज्यादा आकर्षक बनाता है। कीर्ति की कहानी को जीवंत करना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है।

## मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें

दीवाने हुए फैंस


*बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद स्टाइलिश ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया का तापमान भी हाई कर दिया है.*

तस्वीरों में मृणाल ने ब्लैक कलर की डीपनेक क्रॉप टॉप और मैचिंग पैंट पहनी हुई है साथ ही उन्होंने एक जैकेट कैरी किया है. उन्होंने अपने लुक को न्यूड मेकअप, स्लीक हेयरस्टाइल और स्टेटमेंट इयररिंग्स से कंप्लीट किया है. मृणाल इन तस्वीरों में बेहद खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी हुई लग रही हैं.

मृणाल की इन तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स मिल चुके हैं. फैंस मृणाल की खूबसूरत की तारीफ करते हुए कमेंट्स में गॉर्जियस, स्टनिंग, क्यूट जैसे शब्द लिख रहे हैं. मृणाल ठाकुर को फिल्म सीता रमम के साथ काफी लोकप्रियता हासिल हुई है. साथ ही वे शाहिद कपूर के साथ जर्सी में भी नजर आई थीं।



## दिलजीत दोसांझ की फिल्म अमर सिंह चमकीला का टीजर रिलीज, 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी फिल्म




दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की मच अवेटेड फिल्म अमर सिंह चमकीला का धमाकेदार टीजर रिलीज हो गया है. वहीं टीजर में दिलजीत पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिशियन अमर सिंह चमकीला के किरादर में नजर आ रहे हैं.

बता दें कि अमर सिंह चमकीला पंजाबा इंडस्ट्री का एक बहुत बड़ा नाम थे. एक दौर जब इंडस्ट्री पर उनके नाम का डंका बजता था. वे पंजाब के हाईएस्ट पेड आर्टिस्ट थे. वहीं इस फिल्म में पंजाब के इस सुपरस्टार की दर्दनाक कहानी दिखाई जाएगी. बता दें कि ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी. नेटफ्लिक्स की इस फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है, जो 12 अप्रैल को रिलीज हो रही है.

बता दें कि अमर सिंह चमकीला पंजाब के लोगों के दिलों पर राज करते थे. उनका म्यूजिक पंजाब के लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय था. उनके स्टारडम से इंडस्ट्री के बड़े-बड़े कलाकार घबड़ा जाया करते थे. उन्होंने पहले ललकारे नाल, भक्ति गीत बाबा तेरा ननकाना, जैसे कई मशहूर गाने बनाए हैं. इन गानों को फैंस आज भी बड़े चाव से सुना करते हैं.

वहीं सब कुछ सही चल रहा था कि एक दिन ऐसा आया जब सब तहस-नहस हो गया. कुछ लोगों ने गोलियां से अमर सिंह चमकीला की हत्या कर दी. ये किस्सा है साल 1988 का जब अमर सिंग अपनी बीवी अमरजोत के साथ स्टेज परफॉर्मेंस के लिए जा रहे थे. इस दौरान बाईक पर सवार कुछ लोग आए और उनपर ताबड़तोड़ गोलियों की बौधार कर दी.

## बॉक्स ऑफिस पर विद्युत जामवाल की क्रैक की कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन ऐसा रहा हाल



विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक जीतेगा तो जिएगा आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।एक्सर के रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म में विद्युत की जोड़ी पहली बार नोरा फतेही के साथ बनी है।बॉक्स ऑफिस पर क्रैक ने उम्मीद के मुताबिक अधिक कमाई की, लेकिन दूसरे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई।अब क्रैक की कमाई के तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रैक ने अपनी रिलीज के तीसर दिन (रविवार) 2.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 8.80 करोड़ रुपये हो गया है।क्रैक ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 4.25 करोड़ रुपये के साथ अपनी शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म की कमाई को झटका लगा है।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा का नया पोस्टर जारी, ट्रेलर रिलीज डेट का भी हुआ एलान




सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा लिखित और निर्देशित इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक योद्धा सिद्धार्थ मल्होत्रा की एक्शन से भरपूर फिल्म है। एक बार फिर फैंस अपने पसंदीदा स्टार को कमांडो की भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं।

फिल्म के टीजर में पहले ही सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक्शन देखने को मिल चुका है। अब लोग इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने भी देरी न करते हुए इसके ट्रेलर रिलीज की डेट का एलान कर दिया है।

योद्धा के कलाकारों और निर्माताओं ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी कमांडो वर्दी में शक्ति और तीव्रता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके हाथों में एक बंदूक है और पीठ पर एक वॉकी-टॉकी बंधा हुआ है।

घावों और धूल से सने सिद्धार्थ का पोस्टर में जबरदस्त लुक देखने को मिल रहा है। पोस्टर पर एक टैगलाइन भी है, जिसमें लिखा है सीमाओं से परे एक अपहरण। पोस्टर शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा है, अपनी सीट बेल्ट बांध लें। योद्धा का ट्रेलर 4 दिन में आ जाएगा। इसके मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 29 फरवरी को रिलीज होने वाला है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा का इंतजार फैंस लंबे समय से कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर सिद्धार्थ आर्मी ऑफिसर के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ लीड रोल में राशि खन्ना और दिशा पाटनी दिखाई देने वाली हैं।

# खेल




## WPL-2 में RCB की लगातार दूसरी जीत

गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से हराया, पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचा; मोलिनक्स को तीन विकेट

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में **RCB** ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गुजरात ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 107 रन बनाए। जवाब में **RCB** ने 12.3 ओवर में 2 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया। **RCB** की ओर से सोफी मोलिनक्स ने तीन विकेट लिए। वहीं, स्मृति मंधाना अर्धशतक चूक गई, उन्होंने 42 रन की पारी खेली।

### टेबल टॉप पर पहुंचा RCB

इस जीत के साथ RCB पॉइंट्स टेबल में 4 अंक के साथ टॉप पर पहुंच गया है। उसके और मुंबई के पॉइंट बराबर है, लेकिन रनरेट ज्यादा होने से RCB पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, गुजरात चौथे से आखिरी पायदान पर आ गया है।

### गुजरात का टॉप ऑर्डर फेल




गुजरात का टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल रहा। टीम के लिए ओपन करने हरलीन देओल और कप्तान बेथ मूनी आए। मूनी 8 रन बना कर आउट हो गई। वहीं, तीसरे नंबर पर फीब लिचफील्ड भी 5 रन बी बना सकी। RCB की पेसर रेणुका सिंह ने अपने शुरुआती स्पैल में ही इन दोनों का विकेट ले लिया। इसके बाद 42 के स्कोर पर वेदा कृष्णमूर्ती भी 9 रन बना कर आउट हो गई। दूसरे छोर पर हरलीन देओल टिकी रही, लेकिन वे भी रनआउट हो गई। देओल 22 रन बना कर पवेलियन लौटी। एश्ले गार्डनर 7 रन और बना कर आउट हुई। कैथरीन ब्राइस 3 रन ही बना सकी। स्कोर 73/6 हो गया। यहां से दयालन हेमलता ने पारी संभाली और कुछ रन जोड़े। स्नेह राणा 12 रन बना सकी। वहीं, हेमलता 31 रन और तनुजा कंवर 4 रन बना कर नॉटआउट रहीं। टीम ने 20 ओवर में 107 रन बनाए। RCB की सोफी मोलिनक्स ने शानदार बॉलिंग करते हुए 3 विकेट लिए।उन्होंने वेदा कृष्णमूर्ति, कैथरीन ब्राइस और स्नेह राणा को चलता किया। वहीं, शुरुआत में ही 2 विकेट लेकर टीम को मोमेंटम दिला दिया। इसके अलावा जॉर्जिया वेयरहम को एक विकेट मिला।

### बेंगलुरु ने शुरुआत से अटैक किया

RCB ने शुरुआत से ही अटैकिंग अप्रोच रखी। टीम ने शुरुआती 5 ओवर में हर ओवर में कम से कम एक चौका लगाया। टीम की ओर से स्मृती मंधाना और सोफी डिवाइन ओपनिंग करने उतरी। डिवाइन 6 रन बना कर आउट हो गई। इसके बाद मंधाना और एस मेघना के बीच 40 रन की साझेदारी हुई। मंधाना 43 रन बना कर आउट हुई। आखिर में एस मेघना और एलिसा पेरी के बीच नाबाद 38 रन की साझेदारी हुई और दोनों ने आक्रमक अंदाज अपनाते हुए गेम खत्म कर दिया।

## एक नजर

### पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं राहुल

*इलाज के लिए विदेश गए; इंग्लैंड से सीरीज में एक ही मैच खेला*



केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं। वह हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। इसके बाद वह बाकी 3 टेस्ट नहीं खेल सके। अब क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, राहुल इलाज कराने के लिए इंग्लैंड गए हैं। जिस कारण 7 मार्च से होने वाले 5वें टेस्ट में भी उनके खेलने पर संशय है। राहुल से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी अपनी एड़ी की सर्जरी कराने के लिए लंदन गए थे। उनकी सर्जरी सफल रही, लेकिन उन्हें फील्ड पर वापसी करने में 6 से 8 महीने का समय लग सकता है।

#### पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए थे राहुल

केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए। इसके बाद से बाकी तीन मैचों में वह नहीं खेल सके। उन्हें हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द हुआ था। जिसके लिए पिछले साल उनकी सर्जरी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी उन्हें कुछ परेशानी है। वहीं मैनेजमेंट टीम में उनकी दोहरी भूमिका को देखते हुए कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद विदेश के टेस्ट में भी राहुल ने ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी।

## रिटायरमेंट ले सकते है टेनिस स्टार एंडी मरे

कहा- कुछ महीनों में संन्यास ले सकता हूं; हार्ड कोर्ट पर 500 मैच जीते

*दुबई। इंग्लैंड के टेनिस स्टार एंडी मरे ने संकेत दिए है कि वह अगले कुछ महीनों के भीतर संन्यास ले सकते हैं। सोमवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना शुरुआती मैच जीतने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए डेनिस शापोवालोव को 4-6, 7-6 (7/5), 6-3 से हराया और दूसरे दौर में पहुंच गए।*

मरे ने सोमवार को कहा, शायद मेरे पास ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मैं अगले कुछ महीनों में जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा।



एंडी मरे ने करियर में तीन ग्रैंड स्लैम जीते हैं। उन्होंने 2 बार विम्बलडन और एक बार यूएस ओपन जीता है। मरे ने हार्ड कोर्ट पर अपनी 500वीं जीत हासिल की और इस उपलब्धि तक पहुंचने में रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच, आंद्रे अगासी और राफेल नडाल के साथ शामिल हो गए। मरे ने इसपर कहा, हां, यह बुरा नहीं है। सालों से हार्ड कोर्ट मेरे लिए एक बेहतरीन पिच रही है, मुझे इस पर बहुत गर्व है। मरे ने कहा, मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और गेम भी पसंद है। जाहिर है, जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, युवा लोगों के साथ मुकाबला करना और अपने शरीर को फिट और तरोताजा रखना कठिन होता जाता है। मरे ने कहा, कभी-कभी मैं कोर्ट पर जो कहता हूं लोग उसे बहुत पढ़ते हैं और यह हमेशा तर्कसंगत नहीं होता है। लेकिन हर कोई मुझसे इसके बारे में हर समय पूछता है। एंडी मरे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पहले राउंड में हारकर बाहर हो गए थे। उन्हें टूर्नामेंट के फर्स्ट राउंड में अर्जेंटीना के 24 साल के टेनिस खिलाड़ी टॉमस मार्टिन ने सीधे सेटों में हराया था। मरे 5 बार ऑस्ट्रेलिया ओपन का फाइनल खेल चुके हैं, लेकिन उन्हें एक हबार भी जीत नहीं मिली हैं।

## श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेलेंगे

मुंबई की टीम में शामिल; 2 मार्च से तमिलनाडु के खिलाफ खेला जाएगा मुकाबला

*टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी 2023/24 सीजन के सेमीफाइनल में खेलेंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रेयस अय्यर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) को कन्फर्म किया है कि वह अब फिट हैं*

और मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के लिए उपलब्ध हैं। सेमीफाइनल के लिए उनका नाम स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई का सामना तमिलनाडु से होगा। यह मुकाबला 2 मार्च से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा।



अय्यर ने पीठ में चोट की वजह से क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेला था। मुंबई टीम ने जब रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की थी, तो इसमें श्रेयस का नाम नहीं था। एसोसिएशन ने बताया था कि श्रेयस को पीठ में चोट है, इसी कारण वह क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकेंगे।

तनुष और तुषार की सेंचुरी की बदौलत मुंबई ने अपनी दूसरी पारी में 569 रन बनाए और बड़ौदा के सामने जीत के लिए 600 रन का टारगेट रखा। इसके जवाब में आखिरी दिन का खेल खत्म होने तक बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर 121 रन बनाए और मैच ड्रॉ हो गया। वहीं मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। टीम का सामना सेमीफाइनल में तमिलनाडु से होगा। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। जवाब में बड़ौदा की पहली पारी 348 रन के स्कोर पर सिमट गई थी। श्रेयस अय्यर पिछले साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान इंजर्ड हो गए थे। वह IPL और WTC का फाइनल नहीं खेल सके।

## डेविड हेम्प बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बैटिंग कोच बने

आंद्रे एडम्स बतौर बॉलिंग कोच नियुक्त , श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से करेंगे शुरुआत

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने BCB के हाई परफॉर्मेंस (HP) हेड कोच डेविड हेम्प को नेशनल टीम का बैटिंग कोच और न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। दोनों कोच टीम के साथ दो साल के अनुबंध पर शामिल हो रहे हैं और श्रीलंका के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के साथ कोचिंग की शुरुआत करेंगे। हेम्प मई 2023 से HP कोच के रूप में काम कर रहे थे और पिछले साल उन्होंने नेशनल टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में न्यूजीलैंड का दौरा किया था। ECB लेवल 4 कोचिंग सर्टिफिकेशन रखने वाले डेविड हेम्प का ग्लैमरगन, फ्री स्टेट और वार्विकशायर के लिए बल्लेबाज के रूप में शानदार फर्स्ट क्लास करियर रहा और उन्होंने 15,500 से अधिक रन बनाए। उन्होंने बरमूडा के लिए 24 इंटरनेशनल मैचों में भी हिस्सा भी लिया। हेम्प 2020-2022 तक पाकिस्तान विमेंस नेशनल टीम के हेड कोच थे और विमेंस बिग बैश लीग में विक्टोरिया स्टेट विमेंस टीम और मेलबर्न स्टार्स के लिए हेड कोच की भूमिका में भी थे।


डेविड हेम्प

# अग्निकांड का पर्दाफाश कर घर में आग लगाने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## आरोपियों को झोपड़ी में लगे कपड़े को फाड़ने वहां बैठने और हुल्लड़ करने से मना करना बना साजिश का कारण

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबाजार।



बलौदाबाजार शहर के भैंसापसरा क्षेत्र में वृद्धा आश्रम के पास एक मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। इस दौरान सूचना पाकर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। इस बीच स्थानीय लोगों एवं आस पड़ोस के लोगों द्वारा आसपास संसाधनों, पानी आदि से आग बुझाने का कार्य प्रारंभ किया गया। तब तक घर के अंदर निवासरत 04 लोग आग में जलने से बुरी तरह से झुलस गए थे। जैसे-तैसे पड़ोसियों द्वारा दरवाजा खोलकर घर अंदर से आग में फं से लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से आग से झुलस गए थे। सभी लोगों को तत्काल उचित उपचार हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचाया गया। जिसमें पुत्र एवं माता की मृत्यु हो गई तथा बहन एवं भाजी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उक्त आगजनी की घटना को बहुत गंभीरता से लिया गया। घटनास्थल का निरीक्षण एवं आसपास निवासियों से पूछताछ पर यह ज्ञात हुआ कि आग लगने की सूचना पाकर जब पड़ोसी आग बुझाने के लिए गए तब तक आग फैल चुकी थी। प्रकरण की जांच हेतु रायपुर मुख्यालय से विशेष तौर पर फारेंसिक की टीम बुलाई गई। जिसने विवेचना को दिशा दी और यह तथ्य सामने आया कि घटना के समय घर का दरवाजा बाहर से बंद रहा होगा। साथ ही सायबर सेल से निरीक्षक लखेश केंवट, आरक्षक हेमंत नायक की टीम द्वारा मामले में सीसीटीवी फु टेज, मोबाइल आदि का तकनीकी विश्लेषण कर मानवीय आसूचना से अहम सुराग ढूंढने का भी प्रयास किया जा रहा था।

इस आगजनी की घटना का खुलासा करने एवं मामले में संलिप्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में टीम प्रभारी निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के सांथ टीम में शामिल निरीक्षक अमित तिवारी, उपनिरी एलएस राजपूत, सउनि मलिक राम भारद्वाज, प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, आरक्षक मोहन मेश्राम, यशवंत यादव, अकरम खान की टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ एवं इस जघन्य अग्निकांड का कारण एवं इसमें शामिल आरोपियों की मंशा को समझने का कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही पुलिस की एक टीम द्वारा मोहल्ले में ही रहकर घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाया जा रहा था। सभी पहलुओं की जांच करने पर पता चला कि इस आगजनी में निश्चित ही किसी स्थानीय एवं घर के आसपास रहने वाला ही कोई आदमी शामिल है, जिसके बाद टीम का पूरा ध्यान उसी मोहल्ले में ही रहने वाले संदिग्ध आरोपी की खोजबीन में लग गया। विवेचना के क्रम में निधि नाग द्वारा अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर जाकर घायल रानू साहू से पूछताछ किया गया जिसमें रानू साहू द्वारा संदिग्ध दोनों आरोपियों का नाम बताते हुए आगजनी करने में इन दोनों का हाथ होना बताया। संपूर्ण जांच क्रम में मृतकों के पड़ोस में ही रहने वाले करण बघेल एवं दौलत सोनवानी को पकड़ा गया। दोनों आरोपी आदतन शरारती झगड़ालू और बदमाश प्रवृत्ति के हैं। मृतक परिवार द्वारा अपने घर के सामने झिल्ली आदि से परछी बनाया गया था तथा साथ ही सामने साड़ी, रस्सी से घेर दिया गया था। आरोपीगण इस घेरे में लगे साड़ी को फाड़ दिया करते थे। जिसे मृतिका कमला साहू द्वारा बार-बार मना किया जाता था। 24 फरवरी 2024 को शाम के समय भी परछी में लगे साड़ी एवं रस्सी को आरोपियों द्वारा फ ाड़ दिया गया था। जिसे मृतिका कमला साहू द्वारा मना किया गया। जिस पर वाद विवाद हुआ था। इसी वाद विवाद पर से दोनों आरोपियों द्वारा मृतक परिवार, विशेषकर कमला साहू को सबक सिखाने की योजना बनाई गई। योजना अनुसार दोनों आरोपियों ने 24,25 फरवरी 2024 की दरम्यानी रात मृतकों के घर में आग लगा दिया एवं घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। झिल्ली, लकड़ी आदि से बने परछी एवं एक कमरे का खपरैल से बने घर में आग तेजी से फैला, जिससे मृतकों को बाहर निकलने एवं मदद के लिए लोगों को बुलाने का मौका भी नहीं मिल पाया। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में धारा 302,307,436 342,120 ;ठ, भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपी करण बघेल एवं दौलत सोनवानी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

**मामले का खुलासा करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विशेष पुलिस टीम का किया था गठन**

### मृतकों के नाम

सोनू साहू पिता संतोष साहू उम्र 28 वर्ष,कमला साहू पति संतोष साहू उम्र 60 वर्ष निवासी वृद्धा आश्रम के पास भैंसापसरा बलौदाबाजार

### घायलों के नाम

रानू साहू पिता संतोष साहू उम्र 34 वर्ष,संध्या साहू पिता राकेश साहू उम्र 10 वर्ष निवासी वृद्धा आश्रम के पास भैंसापसरा बलौदाबाजार

### आरोपियों के नाम

करन बघेल उर्फ भूखऊ पिता उमेंदी बघेल उम्र 23 वर्ष, दौलत सोनवानी पिता आनंद सोनवानी उम्र 26 वर्ष निवासी दशरमा रोड भैंसापसरा बलौदाबाजार।

## एक नजर

### पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त का किया गया हस्तांतरण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त का हस्तांतरण किया गया। जिसमें कोरबा जिले के 73 हजार 642 किसान लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रागंण में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन व 16वीं किश्त का हस्तांतरण वीडियो प्रसारण के माध्यम से किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. एसके उपाध्याय द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच लखनपुर जगदीश प्रसाद नागवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एसएल स्वामी, पूर्व अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोरबा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक डीपीएस कंवर, सहायक संचालक कृषि कोरबा, जीके ठाकुर, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कटघोरा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ लगभग 100 से अधिक कृषकों ने भाग लिया तथा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा 16वीं किश्त प्राप्त कर कृषकों को हर्ष भी प्राप्त हुआ।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 04 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 04 मार्च 2024 को किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में रिलेशनशिप मैनेजर के आईसीआईसीआई बैंक में 30 व एचडीएफसी बैंक में 10 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक वांछनीय है। इसके साथ ही पेट्रो रसायन अभियांत्रिकीय संस्थान सिपेट, रायपुर अंतर्गत मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर, इजेक्शन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक एक्सटूशन, मशीन ऑपरेटर.ब्लो मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर.टूल रूम व मशीन ऑपरेटर.प्रोग्रामर सीएनसी मिलिंग के पदों पर 06 माह अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 04 मार्च को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### जिले के दिव्यांग बच्चों को आवश्यकतानुसार मिलेगी विशेष शिक्षा

**कोरबा** । जिले में दिव्यांग (मानसिक मंदता श्रवण/वाणी बाधित, दृष्टि बाधित, प्रमस्तिष्क पक्षाघात, बहु दिव्यांग) बच्चों को आवश्यकतानुसार विशेष शिक्षा प्रदान की जाएगी। कोरबा के डिंगापुर में 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास का संचालन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विद्यार्थियों के पालकों तथा अभिभावकों से 05 मार्च तक आवेदन मंगाए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की शासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत कक्षा 01 से 08 तक विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चो हेतु प्रयास विद्यालय परिसर में सत्र 2024-25 में 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास संचालित किया जाना प्रस्तावित है। यह विद्यालय जिले का प्रथम नि:शुल्क आवासीय बाधारहित विशेष विद्यालय सह छात्रावास होगी। जिसमें अध्ययनरत् बच्चों के लिए सम्पूर्ण आवासीय व्यवस्था के साथ-साथ शिक्षण-प्रशिक्षण, परामर्श, थेरेपी, खेलकूद, भ्रमण एवं अन्य गतिविधियों का लाभ प्रदान करते हुये समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# मोटर सायकल पर गांजा बिक्री करने ओड़िशा से रायगढ़ आ रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

## आरोपियों से 6 किलो गांजा बरामद, साइबर सेल और पुसौर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



उड़ीसा से मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर साइबर सेल एवं थानों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर विशेष निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में 27 फरवरी के शाम थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक सीताराम ध्रुव को मुखबिर से सूचना मिली कि एक प्लेटिना मोटर सायकल पर दो लड़के उड़ीसा से गांजा लेकर पुसौर होते रायगढ़ की ओर आ रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर साइबर सेल और पुसौर थाने की टीम के साथ विभिन्न मार्गों पर नाकेबंदी किया गया। नाकेबंदी दौरान पुलिस की एक टीम द्वारा बाबाडेरा ढाबा टिकरा ग्राम लारा के पास काले रंग की प्लेटिना सीजी 13 एक्यू 3103 में आ रहे दो संदिग्ध युवकों को पूछताछ करने पर दोनों अपना नाम रवि नाग और अरुण जगत निवासी कंडपल्ली थाना अंबाभौना जिला बरगढ़ उड़ीसा के रहने वाले बताए जिन्हें नाकेबंदी के कार्यों की जानकारी देते हुए उनकी विधिवत तलाशी ली गई। संदेहियों के पास रखे काले कलर के बैग के अंदर 6 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, संदेहियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर गांजा को अवैध रूप से बिक्री करने लेकर आना बताए। आरोपी रवि नाग पिता ठाकुर राम नाग उम्र 25 वर्ष, अरुण जगत पिता शिवा जगत उम्र 20 साल दोनों निवासी कंडपल्ली थाना अंबाभौना जिला बरगढ़ उड़ीसा से 6 किलो गांजा और प्लेटिना बाइक जप्त कर आरोपियों के कृत्य पर थाना पुसौर में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। गांजा रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक सीताराम ध्रुव, उप निरीक्षक कुंदन लाल गौर, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल, कोसो सिंह जगत, आरक्षक राजकुमार उरांव, रमेश निषाद, ओशनिक विश्वाल तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक बृजलाल गुर्जर, धनंजय सिंह, महेश पंडा और विकास प्रधान शामिल थे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विशेष शा.प्रा.शाला तिलकडीह विकास खण्ड कोटा में सम्मान सह न्यौता भोजन का किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।










छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा के आदेशानुसार संकुल,संकुल क्लब, विकास खंड,और जिला स्तर स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता में श्रद्धा पोर्ते कक्षा चौंथी ने अपने स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला तिलकडीह, माता-पिता व जिला को गौरवान्वित किया है। प्रसन्न माता-पिता ने अपनी होनहार बेटी के विजेता बनने पर पीएस तिलकडीह में न्यौता भोजन का आयोजन किया। न्यौता भोजन में शामिल हुए,शाला के बच्चे, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे, मयस्टाफ तिलकडीह एवं आंगनबाड़ी केंद्र, जागृति स्व सहायता समूह। इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रही श्रद्धा पोर्ते को मुख्य अतिथि द्वय सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी कोटा संध्या जायसवाल, व दीपिका किंडो ने शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संकुल से आमंत्रित हमारे मार्गदर्शक व सहयोगी शैक्षिक समन्वयक सुखदेव पांन्डेय ने श्रद्धा को संकुल की ओर से मेडल व पानी बाटल देकर सम्मानित किया। न्यौता भोजन में आमंत्रित स्व.सहायता क समूह की महिलाएं और पालक,शाला प्रबंधन समिति सदस्य आमंत्रित थे। यह आयोजन श्रद्धा पोर्ते के माता पिता रामजी अहिल्या पोर्ते के द्वारा किया गया था। न्योता भोजन में दाल चावल सब्जी,खीर पुड़ी परोसा गया।

# सीएम कैंप की सहायता से मिली सीतापुर के घायल जय कुमार को एम्बुलेंस

## कलेक्टर ने उपलब्ध कराया निजी एम्बुलेंस,रायपुर के एम्स में घायल का इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




जशपुर जिला के कांसाबेल ब्लाक में स्थित सीएम कैम्प, अब पूरे छत्तीसगढ़ के जरूरतमंदों की आशा का केंद्र बन गया है। मुसीबत के समय, सहायता प्राप्त करने के लिए लोग, यहां फ ोन करते हैं और उन्हें सहायता मिलती भी है। ऐसा ही कुछ हुआ सरगुजा जिले के सीतापुर निवासी जय कुमार 20 वर्ष, के साथ दरअसल, सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के खड़गांव निवासी जयकुमार बारीक पिता सूरज बारीक, बाईक दुर्घटना का शिकार हो गए थे। इस दुर्घटना में जय कुमार के पैर और कमर में गंभीर चोट आई थी। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र मे प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर मे भर्ती किया था। मेडिकल कॉलेज से जय कुमार को रायपुर के एम्स के लिए रेफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज से रेफर होने के बाद, जय कुमार के स्वजनों के सामने, घायल जय को लेकर रायपुर तक पहुंचने की समस्या खड़ी हो गई। काफ ी प्रयास के बाद भी उन्हें एम्बुलेंस नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में जय के पिता सूरज बारीक ने सहायता के बगिया के सीएम कैम्प मे फ ोन लगा कर अपनी समस्या बताई।

मदद के लिए पहल करते हुए, सीएम कैम्प ने सरगुजा के कलेक्टर विलास भोसकर संदीपन को जय कुमार को एम्स रायपुर तक पहुंचाने के लिए तत्काल ए म्ब ु ल ें स व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जय कुमार के लिए नि:शुल्क निजी एम्बुलेंस की व्यवस्था करए घायल को एम्स रायपुर पहुंचाया,यहां घायल जय कुमार के उपचार की व्यवस्था की सीएम कैंप द्वारा की गई है।

### सीएम कैम्प बना आशा का केंद्र

उल्लेखनीय है कि सीएम कैम्प बगिया की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिला जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ से स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य समस्या और मांगों को लेकर लोग फोन से सम्पर्क कर रहे है। यहाँ हर दिन आयोजित होने वाले जनदर्शन मे भी लोग पहुंच रहे है। इन सभी जरूरतमंदो को तत्काल सहायता पहुंचाई जा रही है। सीएम कैम्प की पहल से अब तक स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 125 जरूरतमंदो को सहायता पहुंचाई जा चुकी है।

### स्वास्थ्य सेवा को लेकर सीएम संवेदनशील

जानकारी के लिए बता दें स्वास्थ्य सेवा में सुधार और लोगों को गुणवत्तायुक्त सस्ती स्वास्थ्य सेव की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ ग्रहण करने के बाद से ही संवेदनशीलता दिखाई है। सीएम साय ने मुख्यमंत्री पद का कमान संभालने के तत्काल बाद, प्रदेश मे एंबुलेंस व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था। कैबिनेट की पहली बैठक में प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जेनरिक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सख्त आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिया गया था। अपने पहले बजट में मुख्यमंत्री ने जनजाति बाहुल्य जशपुर जिले में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के लिए कुनकुरी में 2 सौ बिस्तर की क्षमता वाली आधुनिक संसाधनों से लैस सर्वसुविधा युक्त अस्पताल निर्माण, 6 उप स्वास्थ्य केन्द्रो का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, जिला चिकित्सालय को आदर्श चिकित्सालय के रूप मे विकसित करने जैसे कई महत्वपूर्ण घोषणा की है।

# महतारी वंदन योजना का लाभ लेने हजारों महिलाएं बैंक के बाहर लाईन लगाने मजबूर

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



रायगढ़ जिले के कार्यालय जनपद पंचायत लैलूंगा के ठीक सामने भारतीय स्टेट बैंक शाखा लैलूंगा स्थित है। जहां छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महतारी वंदन योजना लागू किये जाने के बाद उपरोक्त योजना के पात्र हितग्राहियों को अपने बैंक खाते को आधार कार्ड से लिंक कराने अर्थात केवाईसी कराने का कार्य युद्ध गति से चल रहा है। लैलूंगा नगर में स्थित सभी बैंकों में केवाईसी कराने हेतु महिलाएं सुबह 7 बजे से छोटे-छोटे बच्चों को लेकर भूखे प्यासे आकर लाइन में दिन भर खड़ी रहती है। जिन्हें बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लैलूंगा स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में महिलाओं की भीड़ और ऊपर से लाईन लगाने के लिये सबेरे सात बजे से इकठ्ठी हो जाती है। किंतु लैलूंगा बैक के संबन्धित बैंक कर्मी प्रात: 11 बजे के बाद केवाईसी करने का कार्य प्रारम्भ करते है। और दोपहर 2 बजते ही केवाईसी करने का कार्य बंद कर दिया जाता है। जिसके चलते प्रतिदिन एसबीआई लैलूंगा में हजारों महिला खाता धारक केवाईसी नहीं होने से पुन: परेशान होकर घर वापस हो जाते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के कई खाता धारकों ने प्रेस को बताया कि स्टेट बैंक के कृषि शाखा में केवाईसी किया जा रहा है।

लेकिन बैंक कर्मियों द्वारा कछुए कि चाल में एकदम धीरे-धीरे कार्य किया जा रहा है। दोपहर 2 बजते ही केवाईसी कार्य बंद कर दिया जाता है। जहां बैक के बाहर महिलाओं कि लम्बी-लम्बी कतारों मे महिलाएं थक हार कर बैरंग वापस घर चली जा रही है। और दूसरे दिन पुन: बैंक के बाहर लाईन लगाने को मजबूर हो जाती है। लैलूंगा नगर के अन्य बैंकों में भी लाईन लगती है। महिला खाताधारकों कि केवाईसी होते तक बैंक को खुला रखा जाता है। और भारतीय स्टेट बैंक शाखा लैलूंगा में मात्र दोपहर 2 बजे तक महिला खाताधारकों कि केवाईसी की जाती है। रायगढ़ जिले के सभी बैंकों को कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है। कि वे महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का बैंक खातों को केवाईसी करने कि कार्य को तत्परता से करें। और यह भी गौर करें कि महिला खाताधारकों को कोई परेशानी ना हो लेकिन एसबीआई लैलूंगा के नुमाइंदे जिला कलेक्टर के आदेश निर्देश को खुलेआम ठेंगा दिखा कर ग्रामीण महिलाओं को परेशान करने में बाज नहीं आ रहे हैं।

# पूर्व विद्यार्थियों के सम्मान पर हायर सेकंडरी स्कूल ने मनाया स्वर्ण जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

मैनपुर विकास खण्ड के अमलीपदर हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रबंधन को एक अनुपम पहल करते देखा गया,बीते 26 फरवरी को हायर सेकंडरी स्कूल ने स्कूल का स्वर्ण जयंती मनाया। जिसमें शालेय प्रबंधन ने पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर एकत्र कर उनके विद्यार्थी जीवन के अनुशासन उस समय के उनके मेहनत और लगन पर अनुभव कथन का मंचीय आयोजन करवाया और उन्हें बेच लगाकर मेडल से सम्मान किया। स्कूल के प्राचार्य वरूण चक्रधारी ने बताया हायर सेकंडरी स्कूल सम्मान समारोह के इस वृहद आयोजन में 1331 पूर्व विद्यार्थीयों भाग लिया वहीं आयोजन पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी,केनुराम यादव, लोकेन्द्रसिंह कोमर्रा,पुष्पा दुबे, कांतिलाल पाथर, प्रेम राव बाघे, रूदेन्द्र प्रसाद अवस्थी, श्यामलाल पाण्डेय, प्यारेलाल दुबे, मुनेन्द्र जोशी,आर आर सिंह, सम्पत जैन, रोशनलाल अवस्थी, जमील मोहम्मद सहित कई अतिथि मौजूद थे।




### स्कूल के सैकड़ों पास आऊट छात्र कई पदों पर कार्यरत

01 नवम्बर 1971 को स्थापित हायर सेकंडरी स्कूल अमलीपदर ने बीते 50 वर्षों में आईएएस आईपीएस से लेकर शिक्षक सहित अन्य छोटे बड़े कर्मचारी दिये वहीं यहां से पास होकर निकले कई छात्रों में कोई प्रतिष्ठित व्यवसायी बना तो वहीं किसी ने अन्नदाता बनकर क्षेत्र में ख्याति अर्जित की है। यहां से पास आउट होने वाले छात्र ना केवल गृह प्रदेश छग बल्कि मप्र और सीमावर्ती ओडिशा प्रांत में नौकरी पेशा कर रहे हैं। इन सबका एक साथ एक मंच पर सम्पर्क हो आपस में पहचान बढ़े यही विचार कर शालेय प्रबंधन ने स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन कर सबको निमंत्रण भेज बुलाया था। पुराने छात्र साथी से मिलकर किसी आंखों में आंशू छलक आये तो आपस में गले मिलकर कहां हमें भूल ना जाना साथी।

### अमलीपदर स्कूल के इतिहास के पचास वर्ष

जुलाई 1971 को उस समय के सरपंच त्रिलोक सिंह ठाकुर ने बैठक कर नवीन हाईस्कुल के स्थापना की पहल की और उस समय जनभागीदारी से पं रविशंकर शुक्ल हाई स्कूल संचालित की गयी।1975 में जन सहयोग से शाला भवन का निर्माण हुआ फिर 1979 में इंफास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट हुआ। वही अमलीपदर के रामचंद्र राव बाघे, सुंदरलाल अवस्थी,फूलचंद सेठिया, गिरधारी लाल अवस्थी और कर्नल जैन की पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंच कर शासकीय हाईस्कूल का आदेश करवाया था।गांव वाले रूके नहीं समस्याओं पर मांग करते रहे और छग बनने के बाद प्रथम मुख्यमंत्री अजित जोगी से नवीन भवन मांग लाये। परीक्षा दिलाने गरियाबंद जाना पड़ता था गांव वालों के प्रयास से केन्द्र अमलीपदर हुआ।

### पांच दानदाताओं ने स्कूल भवन के दिये अपनी कृषि जमीन

पहले हाईस्कूल भवन के लिये फिर कम पड़ा तो खेल मैदान के लिये अमलीपदर के पांच दानदाताओ ने अपनी कृषि भूमि दान कर दी। जहां भवन के लिये विराज सिंह ध्रुवा परिवार,फूलचंद सेठिया और टीकमचंद जैन,मकरन मरकाम ने करीबन 10 एकड़ तो वहीं खेल मैदान के लिये छोटेलाल अवस्थी ने 4 एकड़ जमीन दान कर स्कूल के निर्माण से लेकर विकास में हाथ बंटाया। शालेय प्रबंधन ने स्कूल के स्वर्ण जयंती के अवसर पर दानदाताओं को याद करते हुये उनके परिवार को सम्मान किया है।


### स्वर्ण जयंती में इन पूर्व विद्यार्थियों का भी हुआ सम्मान

स्वर्ण जयंती के अवसर पर पूर्व छात्रों के सम्मान समारोह में बोधन नायक,गौतम पात्र, कुंजबिहारी साहू, भुपेंद्र तिवारी,आलोक राव बाघे,संदीप साहु,उमेश श्रीवास सहित छात्र रहे दस वर्तमान प्राचार्य, शिक्षक, अधिकारी उपस्थित थे। वही कार्यक्रम के सफल आयोजन में कमल किशोर ताम्रकार, जयप्रकाश नागेश, प्रेम सिंह चक्रधारी,अनिल अवस्थी, अयोध्या राम टाण्डिया, धनसिंग मरकाम,अजय सिन्हा, मुकेश सिन्हा सहित सभी समन्वयको और शिक्षकों ने सहयोग किया।

## एक नजर

### भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर वित्त मंत्री ओपी ने किया पूण्य स्मरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विधायक रायगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर देश के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया। स्वाधीनता संग्राम से लेकर भारतीय संविधान के निर्माण तथा राष्ट्र के नव निर्माण में श्रद्धेय राजेन्द्र प्रसाद के अमूल्य योगदान को देशवासियों के लिए युगों-युगों तक प्रेरणास्त्रोत बताते हुए मंत्री चौधरी ने कहा प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक रहे। राष्ट्र हित में उनका संघर्ष हम सभी को सदा प्रेरणा देता रहेगा। देश के प्रति उनके योगदान एवम समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### कनिष्ठ अभियंता व सहायक अभियंता परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उड़नदस्ता नियुक्त

कन्ट्रोल रूम निर्मित कर कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कनिष्ठ अभियंता इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल पदों पर भर्ती परीक्षा 03 मार्च 2024 दिन रविवार को दो पालियो में क्रमशः पूर्वान्ह 10 से 12..15 बजे तथा अपरान्ह 02 से 04:15 बजे तक आयोजित होगी।

परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी पीएल मिरेन्द्र, व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक शाला कुदुरमाल टीडी टोण्डे तथा एपीसी समग्र शिक्षा कोरबा ओमेश्वरी नायक को प्रथम एवं द्वितीय पाली हेतु के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी अपनी उपस्थिति परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व कलेक्टर कार्यालय कोरबा में नोडल अधिकारी सहा. नोडल अधिकारी कोरबा को अनिवार्य रूप से देने व ब्रिफिंग 02 मार्च को प्रात: 11 बजे समन्वयक केंद्र पीजी कॉलेज कोरबा में उपस्थित होना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक या परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रात: 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर उमेश कुमार चिकनजुरी जिला कार्यालय कोरबा तथा भृत्य नरेश यादव जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### बिना अनुमति बजा रहा था, डीजे हो गई तगड़ी कार्रवाई

**रायपुर** । बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में कोलाहल अधिनियम लागू है। ऐसे में थाना कोतवाली थाना क्षेत्र के दीनदयाल मार्केट में बिना अनुमति के डीजे बजा रहे एक युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

आरोपी का नाम लक्ष्मण सहिस पिता रमेश सहित 28 वर्ष निवासी सीतामणी कोरबा है। ध्वनि प्रदूषण को लेकर पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी से प्राप्त दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक, वर्मा एवं नेहा वर्मा, की पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी को ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही किया गया है। इस क्रम में थाना प्रभारियों द्वारा सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि दीनदयाल मार्केट के पास सार्वजनिक स्थल में शादी कार्यक्रम में ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन की उपलब्धियों का वित्त मंत्री ओपी ने स्मरण कराया

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।



नोबेल पुरस्कार विजेता एवं भारत रत्न से सम्मानित महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन जी की उपलब्धियो को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाये जाने का जिक्र करते हुए सूबे के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभी देश वासियों को अनंत शुभकामनायें प्रेषित की है। श्री चौधरी ने कहा विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में भारत को प्रबल बनाने तथा विकास के नव मार्ग प्रशस्त करने हेतु महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी नागरिकों का योगदान वंदनीय है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान के वरदान को समझने की आवश्यकता जताते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा आज के दिन सभी देशवासियों को वैज्ञानिकता के प्रति जन जागरूकता का संकल्प भी लेना है । भारतीय वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रमन के विज्ञान के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यो को महत्व देने के उद्देश्य से यह दिवस पूरे भारत में मनाया जाता है। भारत में प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रमन के विज्ञान के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यो को महत्व देने के उद्देश्य से यह दिवस पूरे भारत में मनाया जाता है। वेंकट रमन द्वारा हासिल की गयी उपलब्धि देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। वर्ष 1930 के दौरान चन्द्रशेखर वेंकट रमन को फोटॉन के प्रकीर्णन की घटना की खोज के लिए प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। महान वैज्ञानिक वेंकट रमन ने रमन प्रभाव प्रकाश की तरंग दैर्ध्य में परिवर्तन के बारें में खोज की। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन जी और उनके रमन प्रभाव के आविष्कार को स्मरण करने का भी दिवस है। भारत में विज्ञान को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में सी वी योगदान अमिट रहेगा।

# प्राथमिक शाला अंगेकेला में ट्यूनिंग क्लास का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।

26 फरवरी 2024 को 22 छात्राओं एवं सेवा भारती के शिक्षिकाओं के साथ शुभ आगमन हुआ । प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अंगेकेला के छात्र-छात्राओं के द्वारा शाला के मुख्य द्वार पर सभी को रोका गया । जहाँ शिक्षिकाओं एवं छात्रों को तिलक लगाकर फूलों से स्वागत किया गया । तत्पश्चात उन्हें समान पूर्वक स्वागत करते हुए शाला प्रवेश की ओर आगे बढ़ते गए स्कूल के एक रूम में उन्हें बैठाया गया । शिक्षक सुशील भगत जी के द्वारा ट्यूनिंग क्लास के बारे में जानकारी दी गई शिक्षक सुशील भगत ने बताया की ट्यूनिंग क्लास संसाधनों के आदान-प्रदान से निजी और सरकारी स्कूलों के छात्रों के विकास में आने वाली समस्या को दूर किया जा सकेगा आने वाले सभी शासकीय और निजी स्कूलों की जोड़ी बनाकर उन्हें आपस में एक दूसरे से साझेदारी करने के



लिए प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित करें । जोड़ी में कोई भी दो आस-पास के स्कूल एक दूसरे के साझेदारी कर सकेंगे । यह स्कूल आपस में अपने संसाधन और विशेषज्ञता की साझेधारी कर सकेंगे । इसके तहत दोनों स्कूल संसाधनों की पहचान कर लें, जिसका उपयोग दोनों स्कूल कर सकते हैं । जैसे- प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, विषय-विशेषज्ञ शिक्षक, स्पोर्ट्स शिक्षक आदि । बच्चों को भी उनके पालकों की अनुमति से सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए एक दूसरे के स्कूलों में भ्रमण के अवसर प्रदान किए जाए कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को एक दूसरे को सहयोग, बड़ी कक्षाओं में आगे पढ़ना जारी रखने के लिए प्रोत्साहन आदि के अवसर प्रदान किए जाए। इसका फायदा निश्चित रूप से छात्रों को मिलेगा और उनके सीखने-समझने की क्षमता में भी असर पड़ेगा आपसी में सहयोग प्रेम भावना शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास में सहयोग मिलता है। बच्चे एक दूसरे से मिलकर एक दूसरे के बाद विचार एवं भावनाओं से अवगत होते है तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी अपनी परिचय बताया गया । सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे से बातचीत किए फिर दोनों स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच अंताक्षरी खेल गया इसके बाद शिक्षिकाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ के बारे में कुछ जानकारी बताई गई । छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, कहानी, चुटकुले, सुनाया गया पुस्तक वाचन किया गया । दोपहर 2 बजे सभी छात्रा छात्राओं को भोजन कराया गया भोजन के पश्चात बच्चों के द्वारा, खो-खो, कबड्डी, केरेम, आदि खेल खेला गया अंगेकेला सेवा भारती के शिक्षिकाओं एवं छात्रों को प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों के द्वारा विदा किया गया । सभी बच्चों के चेहरे में खुशी झलक रही थी इसी प्रकार ट्यूनिंग क्लास का आयोजन सफल रहा । इस कार्यक्रम में शिक्षक/ सरोज जायसवाल प्रधान पाठक, बेरोनिका, तलिता खलखो, अंजना कुजूर प्रधान पाठक, सुशील कुमार भगत, विवेक भगत कार्यक्रम में उपस्थित रहे । सेवा भारती से लीला पैंकरा, मंजू चक्रवर्ती, सरिता कुजूर, अनीता प्रधान, उपस्थित रहे ।

# डॉ. विवेक केशरवानी ने ननिहाल जिला मुख्यालय सारंगढ़ को दिया एंबुलेंस दान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

दानदाता डॉ विवेक केशरवानी और संचालक सदस्य सुयश हॉस्पिटल रायपुर ने अपने ननिहाल सारंगढ़ के बचपन की स्मृतियों को चिरस्मरण बनाते हुए रामकली सुदामा केशरवानी नाना नानी की स्मृति में जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ को एक एंबुलेंस दान दिया। डॉ. विवेक केशरवानी ने एंबुलेंस की चाबी कलेक्टर के एल चौहान को सौंपा। चौहान ने कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू को



और साहू ने सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला को सौंपा। कलेक्टर के एल चौहान, कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, दानदाता डॉ. विवेक केशरवानी और सीएमएचओ डॉ एफआर निराला ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ विवेक केशरवानी के मामा, मामा परिवार और अन्य रिश्तेदार उपस्थित थे। कलेक्टर चौहान ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे भांजा सबको दे, जो ननिहाल के लिए ऐसे पुण्य कार्य करें।

## कोरबा पुलिस द्वारा 74 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही

**कोरबा** । कोरबा पुलिस के द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हए 14 प्रकरणों में कुल 615 लीटर कच्ची महआ शराब एवं 45 पाव प्लेन देशी मंदिरा शराब को किया गया जप्त कुल 14 लोगों पर आबकारी अिधिनयम के तहत किया गया कार्यवाही। कोरबा पुलिस के द्वारा पेट्रीलिंग के दौरान 66 लोगों के विरुद्ध 36(च) के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 20 लोगों के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया, ज्ञात हो कि आज दिनांक तक कुल 254 कार्यवाही किया गया 75 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस महीनिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर श्री डॉ. संजीव शुक्ला एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थानाध्चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों पर पेट्रीलिंग किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 26ध02ध2024 को धाना चैकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सिख्त से कार्यवाही करने का निर्देश नर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अिधकारी थानाध्चैकी के द्वारा अवैध गितिविधयों पर कार्यवाही किया गया है।

## गुम सुदगी





किरण मझवार पति जगेश्वर उम्र 27 साल रंग सावला, कत्था रंग की साड़ी पहनी हुई साथ में अपनी बच्ची रागिनी मझवार उम्र लगभग 3 साल को लेकर दिनांक 19/02/2024 को कहीं चले गई है। छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी बोलती है। उक्त गुम महिला कहीं किसी को दिखाई देती है तो उक्त पते पर एवं मोबाईल नंबर 7489621299 पर सूचना दे। सूचना देने वालों को 5000 रूपये ईनाम दिया जायेगा।


**संपर्क करें:-**
**जगेश्वर मझवार**
**ग्राम -कारीगड़ाई पो.- उदउदा, थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. ) मोबाईल नंबर- 7489621299**

# खेल मंत्री के जिले में ही खेल विभाग का कार्यालय जर्जर, भवन में संचालित होने को मजबूर

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ की सरकार खेल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने की बात करती है लेकिन धरातल पर कुछ और ही नजर आ रहा है।

बात जिला बलौदाबाजार की है जहां जिला बनने के बारह साल बाद भी खेल विभाग का कार्यालय अत्यंत जर्जर भवन में संचालित होने को मजबूर है। खेल मंत्री टंकराम वर्मा के जिले में ही खेल विभाग की ऐसी दयनीय स्थिति चर्चा का विषय बना हुआ है। युवाओं से जुड़ा हुआ यह महत्वपूर्ण विभाग यदि खुद बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, जहां के अधिकारी कर्मचारीगण अव्यवस्थाओं के बीच कार्यालय संचालन कर रहे हो, जिस कार्यालय में प्रवेश करते ही स्थानीय तथा बाहरी खिलाड़ी व खेल से जुड़े हुए लोग कार्यालय को देखते ही हतोत्साहित हो जाते हो वहां युवाओं तथा खेल प्रतिभाओं का उचित विकास किस तरह से हो पायेगा। इस पर बड़ा सवाल खड़ा होता दिख रहा है। बाहर से आने वाले खेल जगत से जुड़े लोग व खिलाड़ीगण के बीच जिला कार्यालय को लेकर




अनेकों तरह की आलोचना जिला बलौदाबाजार की बदनामी का कारण भी बनता जा रहा है। बतादे की खेल विभाग यातायात कार्यालय के बगल में स्थित जर्जर भवनों में चल रहे हैं। इस भवन का उखड़ता प्लास्टर और दीवारों पर उगे पेड़ इसके जर्जर होने की कहानी कह रहे हैं। इस भवन के कमरों में न तो दीवारें ही ठीक हैं, और न ही दरवाजे और खिड़कियां ही ठीक हैं सिर्फ एक कमरा में ही खेल विभाग कार्यालय का काम संचालित हो रहा है। भवन की दीवारों से पापड़ी उखड़ रहा है और पुरे भवन में अनेकों जगह दरारे पड़ गयी है तथा सरिया भी दिखाई देने लगी है। बरसात के मौसम में विभाग की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जिस कारणों से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। ऐसे में इन भवनों में अधिकारी और कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। चुकी खेल विभाग का काम खेलों को प्रोत्साहित करना,विभिन्न खेलों के प्रति रुचि जागृत करना, खेल के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना,खेलों के महत्व के प्रति जागरूकता लाना, एवं खिलाड़ियों के लिए उचित प्रशिक्षण,साधन और सुविधा मुहैया कराना है परन्तु जिले में जिस प्रकार खेल विभाग एक सुविधाविहीन कार्यालय में संचालित हो रहा है उससे ऐसा प्रतीत होता है मानो जिला प्रशासन खेल व खिलाड़ियों के विकास के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चरखापारा जनपद पंचायत धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

कमांक /23/ बाजार नीलामी/ चरखापारा दिनांक 24/02/2024

**ईश्तहार**

**मावेशी बाजार नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत चरखापारा के प्रस्ताव क्रमांक 01 दिनांक 24/02/2024 के अनुसार मवेशी बाजार नीलामी वर्ष 2024-25 दिनांक 01 अप्रैल 2024 से दिनांक 31 मार्च 2025 तक के लिए ग्राम पंचायत चरखापारा में नीलामी दिनांक 06/03/2024 को समय 12:30 बजे से होगी जो व्यक्ति बोली में भाग लेना चाहते हैं वे निचे दर्शायी गई अमानत राशि जमा कर भाग ले सकते हैं, जिस व्यक्ति के नाम पर नीलामी खत्म होगी उनकी जमा की गई अमानत राशि जमा लेकर अंतिम किस्त में समायोजित कर दी जावेगी। बोली का 45 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना होगा तथा शेष बचत राशि को 30 दिवस के अंदर जमा करना होगा जमा नहीं करने पर ठेका स्वत: समाप्त मानी जावेगी। इसका अलग से सूचना ठेकेदार को नहीं दिया जायेगा। मवेशी बाजार के लिए एक लाख रुपया नगद व एक लाख की सालवेन्सी जमा करने पर ठेकेदार नीलामी में भाग ले सकता है, सालवेन्सी नहीं होने पर सालवेन्सी के जगह पर एक लाख नगद जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। अर्थात दो लाख नगद एवं सालवेन्सी नगद जमाकर ठेकेदार नीलामी में भाग ले सकता है।

नियम व शर्ते :-

1. ठेका हेतु बोली में अमानत राशि किसी प्रकार का चेक/बैंक ड्रापट स्वीकार नहीं होगा।
2. निलामी बोली राशि से कम होने की स्थिति में अधिकतम बोली की राशि को स्वीकृति का अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंच को होगा।
3. बाजार का संचालन शासकीय नियमों के आधार पर संचालन करना होगा
4. मवेशी प्रति नग 100 रूपये निर्धारित दर से बाजार संचालन करना होगा।
5. मवेशी बाजार में ठेकेदार द्वारा किसान एवं व्यापारी से किसी प्रकार से अवैध वसुली करने पर कार्यवाही किया जायेगा।

# हाथियों की आतंक ने कई एकड़ मक्का फसल को रौन्दा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ क्षेत्र के मेढरमार कॉलोनी में फिर हाथियों का आतंक सामने आया हैं जहां बीती रात को हाथियों के झूंड ने किसान के खेत में घुसकर कई एकड़ मक्के के फसल को बर्बाद कर दिया हैं।**



जिसकी जानकारी किसान को सुबह मिलते ही किसान अपने खेत पहुंचा और हैरान रहा गया की यह क्यों और कैसे हुआ। बीते रात को खूब अंधी तूफान और बारिश हो रहा था। जिसके कारण सभी किसान अपने जान बचाने के लिए खेतों को छोड़ घर चले गए वही आंधी तूफान के कारण पूरे गांव की बिजली रात भर काट दी गई। जिसके बाद रात को अचानक हाथियों के झूंड ने मक्के के खेत में धावा बोल दिया और किसानों के खेतो में जा घुसे रात भर मक्का खाकर सुबह वापस जंगल की ओर लौट गए। वही किसान प्रियतोष हालदार ने बताया की वह मेढरमार स्थित 4 एकड़ जमीन में मक्के का फसल लगाया हैं।



कलवह अपने खेत में ही था पर अचानक शाम को मौसम बिगड़ने एवं तेज आंधी तूफान व बारिश के कारण घर चला गया और जब वह सुबह आया तब हाथियों के एक झूंड ने उसके पूरे फसल को बर्बाद कर दिया हैं जब वह खेत आया तब देखा की उसने जो खेत का घेराव करने के लिए खम्बे और तार का इस्तेमाल किया था। जिसे हाथियों ने तोड़ दूर फेंक दिया हैं और पूरे खेत में हाथियों का झूंड ने विचरण कर फसलों को रौन्द दिया हैं जिससे उसके कई एकड़ की फसल बर्बाद हो चूका हैं अब वह शासन से मुआवजे के लिए उम्मीद लगाए बैठा हैं किसान का कहना हैं की शायद ही उसके पूरे फसल का उसे मुआवजा मिले क्योंकि मौके पर आये अधिकारी द्वारा जितने राशि के लिए मुआवजा बनाया जाता हैं पर असलियत में उससे बहुत कम मुआवजा किसानों को मिलता हैं।

# जय श्रीराम और मोदी की गारंटी से कैसे पार पाएगी कांग्रेस



आपकी बात
संजीव वर्मा

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस भाजपा सहित सभी दल अलर्ट मोड पर आ गए हैं। आदर्श आचार संहिता को लागू होने में चंद सप्ताह ही बाकी है। ऐसे में सभी दलों और गठबंधन के नेता अपने-अपने कुनबा को संभालने में लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है की आखिर जय श्री राम और मोदी की गारंटी का कांग्रेस कैसे मुकाबला कर पाएगी। मिशन 370 में जुटी भाजपा अपने गठबंधन यानी राजग में नीतीश को साथ लेकर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है, तो कांग्रेस का इंडिया गठबंधन की गाड़ी भी धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। आम आदमी पार्टी के साथ 5 राज्यों में सीट शेयरिंग का मुद्दा सुलझ जाने और उत्तरप्रदेश में अखिलेश की सपा के साथ आने से इंडिया के नेताओं ने राहत की सांस ली है। लेकिन, ममता बैनर्जी के रूख से प.बंगाल में एकला चलो की स्थिति दिख रही है। हालांकि ममता के रूप में भी बदलाव आ रहा है और वह कांग्रेस से गठबंधन के लिए लगभग तैयार दिख रही हैं। झारखंड और बिहार में इंडिया फिलहाल अच्छी स्थिति में है। लालू यादव की पार्टी राजग और हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस के साथ मजबूती के साथ खड़ी हुई है। ऐसे में भाजपा के लिए यहां कितना मौका बनता है, यह देखना होगा। हालांकि, नीतीश के साथ आने से उसे पुराने परिणाम दोहरा, जाने की उम्मीद है। लेकिन, पार्टी के अंदर मचे घमासान से राह आसान नहीं है। पार्टी का एक तबका नीतीश के साथ आने से खुश नहीं है। नीतीश के साथ भी यही स्थिति है। उनके अपने लोग ही भाजपा से गठबंधन के बाद कटे-कटे से दिख रहे हैं। इस बीच, भाजपा अपने राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक लेकर राज्यवार रणनीति बनाने में जुटी हुई है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा मार्च के पहले सप्ताह में ही करीब 100 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। ऐसा कहा जा रहा है कि पिछले साल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव की तर्ज पर वह उन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पहले घोषित करेगी, जहां वर्ष 2019 के चुनाव में वह हार गई थी। ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि प्रत्याशियों को तैयारियों के लिए समय मिल सके। यहां यह बताना लाजिमी है कि पिछले चुनाव में भाजपा को 161 लोकसभा सीटों पर पराजय का सामना करना पड़ा था। इनमें 72 सीटें ऐसी थी। जिसमें पार्टी दूसरे स्थान पर थी। ऐसे में वह जिन सीटों पर दूसरे, तीसरे या चौथे स्थान पर थी, ऐसी करीब 100 सीटों पर वह प्रत्याशियों की घोषणा करना चाहती है, ताकि मिशन 370 को अमलीजामा पहनाया जा सके। यहीं नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी हाल ही में हुई राष्ट्रीय परिषद की बैठक में आगामी 100 दिनों के अंदर सभी बूथों तक पहुंचने, खासकर पहली बार मत देने वाले युवाओं से संवाद करने और जिन्होंने अब तक भाजपा को मतदान नहीं किया है, उनसे हर हाल में संपर्क साधने का आव्हान किया है। प्रधानमंत्री के इस आव्हान के बाद पार्टी ने इस दिशा में व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। देखना होगा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस पर कितना कुछ कर पाते हैं। वैसे हिन्दी भाषी राज्यों में भाजपा की स्थिति अच्छी है। लेकिन, दक्षिण राज्यों में वह कमजोर है। ऐसे में वह इन राज्यों के लिए भी खास रणनीति बनाने में जुट गई है। दक्षिण के राज्यों, विशेषकर आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना में क्षेत्रीय दलों का अच्छा खासा प्रभाव है। ऐसे में वह छोटे-छोटे दलों को राजग में शामिल कर अपना प्रभाव बढ़ाना चाह रही है। आंध्रप्रदेश में भाजपा तेलुगू देशम पार्टी को लाने का प्रयास कर रही है, तो तमिलनाडु और केरल में भी उसने छोटे दलों से संपर्क साधा है। तेलंगाना में उसकी स्थिति तमिलनाडु और केरल की अपेक्षा ज्यादा मजबूत है। पिछली बार भाजपा ने यहां 4 सीटों पर जीत हासिल की थी। फिलहाल राज्य में कांग्रेस की सरकार है और बीआरएस मुख्य विपक्षी पार्टी है। ऐसे में वहां त्रिकोणीय संघर्ष होना तय है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण भारतीय राज्यों में धुआंधार प्रचार किया था। मंदिरों के दौरे भी किए थे। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि इन राज्यों में भी उसका प्रदर्शन बेहतर रहेगा। वहीं, दूसरी ओर, कांग्रेस इंडिया को एकजुट करने की कवायद में ही लगी हुई है। आम आदमी पार्टी और सपा के साथ आने से उम्मीदें जगी है। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने भले ही दूरी बना ली है। लेकिन, उसे उम्मीद है कि देर सबेर वह इंडिया के साथ आएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा जारी है। उससे कांग्रेस को बड़ी उम्मीदें हैं। लेकिन, यह वक्त बताएगा कि न्याय यात्रा से उसे न्याय मिल पाएगा या नहीं। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी शंखनाद कर 11 सीटों पर भाजपा की जीत की पटकथा तैयार कर ली है। उन्होंने स्थानीय नेताओं को ताकीद कर दी है कि 11 से कम सीटें उन्हें मंजूर नहीं है। उधर, कांग्रेस में उहापोह की स्थिति देखी जा रही है। बड़े नेताओं ने चुप्पी साध ली है। दावेदारों में भी कोई हलचल नहीं है। ऐसे में भाजपा के श्रीराम और मोदी की गारंटी से कांग्रेस कैसे पार पाएगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

# कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने प्रदान किया ट्राइसाइकिल, युवराज का स्कूल जाना हुआ आसान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने दिव्यांग युवराज निराला को ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। ग्राम छोटे खैरा, विकासखंड सारंगढ़ के निवासी 16 वर्षीय युवराज निराला पिता नर्बदाराम निराला जो 60: दिव्यांग हैं, को कलेक्टर के समक्ष ट्राइसाइकिल की मांग लेकर आए हुए थे। जिस पर कार्यवाही करते हुए ही तत्काल उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा नई ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। कलेक्टर ने युवराज को पुष्पगुच्छ प्रदान करते हुए ट्राइसाइकिल चलाने के लिए कहा। युवराज ने ट्राइसाइकिल



चलाकर दिखाया और कलेक्टर साहू को आश्वस्त किया कि ट्राइसाइकिल से अब स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और अब वे दोगुने उत्साह से अपनी पढ़ाई शुरू करने वाले हैं। कलेक्टर ने युवराज को शुभकामनाएं दिए। युवराज एवं उनके पिता ने कलेक्टर का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी विनय तिवारी, समाज शिक्षा संगठक सुरेश राठिया, जगजीवन जांगड़े एवं जिला आयुष अधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकारीगण किसी भी आवेदन का निरस्त होने का कारण आवेदक को बताएं-कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू

## कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों का समय सीमा की बैठक लिया। बैठक में कलेक्टर साहू ने सर्वप्रथम जिले के अधिकारियों से परिचय लिया। साहू ने ऐसे अधिकारियों, जो जिले के प्रभार पर हैं या मातृ जिला रायगढ़ या बलौदाबाजार भाटापारा दोनों के प्रभारी हैं, को पुन: परिचय और विभागीय सेटअप के संबंध में जानकारी लिया। कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के राज्य स्तर में स्थिति, विभागीय कार्यों और उनके प्रगति रिपोर्ट के बारे में



विस्तार से जानकारी लिया। साहू ने सभी अधिकारियों को कहा कि किसी भी प्रकार के प्राप्त आवेदन या शिकायत निरस्त करने के पूर्व उस आवेदक को निरस्त करने की सूचना और निरस्त करने के कारण, नियम आदि का उल्लेख करें साथ ही उसका निराकरण कैसे होगा। उसकी भी जानकारी उपलब्ध कराएं। साहू ने सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला से स्वास्थ्य विभाग के बारे में जानकारी लिया। कलेक्टर साहू ने सभी राजस्व अधिकारियों को सरकारी भूमि का शीघ्र सीमांकन करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर साहू ने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर से महतारी वंदन योजना से प्राप्त रिपोर्ट के संबंध में जानकारी लिया। कलेक्टर साहू ने सभी राजस्व अधिकारियों को कहा कि वे अपने से संबंधित पटवारियों से ऑनलाइन रिकार्ड और पटवारी के दस्तावेज फिजिकल, दोनों का मिलान करके रिपोर्ट दें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर बी.एक्का सहित जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय धरमजयगढ़ में न्योता भोजन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन के साथ बच्चों को और पौष्टिक आहार मिल सके इसलिए न्योता भोजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिसके तहत कोई भी सम्मनीय पालक या गणमान्य नागरिक किसी भी खुशी के पल में मध्यान्ह भोजन के साथ फ ल खिचड़ी या अन्य पकवान बच्चों को बाट सकते हैं। सेजेस धरमजयगढ़ में भी प्राचार्य एच यू खान प्रधान पाठक प्राथमिक



एवं माध्यमिक साहित सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों को परोसते हुए शुरु की गई। यह आयोजन



विद्यालय के शिक्षिका रिया पटनायक के सुपुत्र के जन्म दिवस के अवसर की गई। इस शुभ अवसर पर प्राचार्य ने बधाई दी और बताया कि इससे मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता के साथ साथ मंदिरों के भंडारा जैसे विद्या मंदिर में भी भंडारा लग सकेगा। नागरिकों को भी सामाजिक कार्य करने का सौभाग्य मिलेगा।

# शाला प्रबंध समिति के सदस्यों का विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न




जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी बी. बाखला व जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी एवं विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक एन.पी. बिशी के कुशल नेतृत्व में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रबंध समिति के सदस्यों व शिक्षकों का प्रशिक्षण विकास खण्ड धरमजयगढ़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अंगद सिंह राठिया एवं बजरंग राठौर द्वारा प्रशिक्षण में ये प्रतिभागियों को शाला प्रबंध समिति का विद्यालय में भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया, प्रशिक्षण दौरान समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार चौधरी एवं सहायक परियोजना समन्वयक बीके पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।



# चक्का जाम से एक दिन पहले टूटी स्थानीय प्रशासन की नींद, 15 दिन का अश्वासन पर चक्का जाम स्थगित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ में सभी जगहों के खराब सड़क को लेकर जनता बहुत ज्यादा परेशान हैं पत्थलगांव से खरसिया तक का सड़क निर्माण का कार्य श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को मिला हैं**



जिनके द्वारा विनायक कंस्ट्रक्शन से काम करवाया जा रहा वर्तमान में सड़क निर्माण कार्य तो चल रहा है पर जनता इससे संतुष्ट नजर नहीं आ रही क्षेत्रवासियों ने सड़क को जल्द बनाने की मांग स्थानीय प्रशासन से की थी। पर स्थानीय प्रशासन व ठेकेदार क्षेत्रवासियों की मांग को नरज अंदाज करते रहे। जिस कारण 22 फरवरी 2024 को बायसी कॉलोनी के लोग सड़क मुद्दा को लेकर एसडीएम के पास ज्ञापन देने आये थे पर एसडीएम कि अनुपस्थिति में तहसीलदार भोज कुमार डहरिया को गांव वालों ने अपनी समस्या से अवगत करवाया था। और नाराजगी जाहिर करते हुए 29 फरवरी 2024 को चक्का जाम करने की लिखित में अल्टीमेटम दिया था। 28 फरवरी को एसडीएम डिगेश पटेल ने दोनों पक्षों के लोगों को बुलाया जिसमें बायसी कॉलोनी के उपसरपंच राम चंद्र विश्वास, सुभीर बिश्वास, सुजीत सरकार अन्य जनता मौजूद रहे वही श्रीजी कंपनी के किसी कर्मचारी को भी बुलाया गया साथ ही पीडब्लूडी इंजिनियर गौरव शर्मा को भी बुलाया गया तब गांववालों ने अपनी बात रखी कि उन्हें क्या क्या समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तभी सड़क निर्माण कंपनी के पक्षधार करने आये कर्मचारी ने कहा कि पहले उनका खरसिया में क्रेशर प्लांट बैठाया गया था जिसमें गिट्टी कि क्वालिटी सही नहीं होने के कारण उन्हें गिट्टी मिलने में बहुत ज्यादा देरी हुई इसी कारण सड़क निर्माण में तय समय से अधिक समय लग गया। फि र गांव वालों ने एसडीएम के सामने पीडब्लूडी इंजीनियर द्वारा अभद्र व्यवहार कि बात रखी तब कंपनी के कर्मचारी ने कहा कि पीडब्लूडी इंजिनियर सबसे ज्यादा सड़क कि चेकिंग करते है उसी वक्त सुभीर विश्वास ने कहा कि जब चक्का जाम हुआ था उस समय ही इंजिनियर दिखाई दिए थे उसके बाद से आज तक कभी बायसी में नहीं दिखाई दिए। तब गांव वालों का आक्रोश देखकर कंपनी के कर्मचारी से एसडीएम डिगेश पटेल ने पुछा कि वह धरमजयगढ़ कॉलोनी से प्रेमनगर तक कि सड़क कब तक निर्माण कर पाएंगे जिसके जबाब में कंपनी कर्मचारी ने पहले तो गोल मटोल बाते की लेकिन गांव वालों के दबाव में आकर 15 दिनों का समय मांगते हुए अश्वासन दिया कि 1 मार्च से कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा और 15 तारीख से डामरीकरण का कार्य किया जायेगा जिसमें धरमजयगढ़ कॉलोनी से लेकर बायसी तक का निर्माण कार्य चालू होगा और उसी क्रम में काम प्रेमनगर कि तरफ आगे बढ़ जायेगा। तब एसडीएम डिगेश पटेल ने जनता को भरोसा दिलाया कि कंपनी के कर्मचारी ने जो अश्वासन दिया वैसा ही काम होगा तब एसडीएम धरमजयगढ़ के अश्वासन के बाद गांव वालों ने चक्कजाम को आगामी तिथि के लिए स्थगित कर दिया है। अब देखना यह है कि क्या जनता को जो अश्वासन मिला है कंपनी उसपर खरी उतरती है या फिर हर बार की तरह इस बार भी क्षेत्रवासियों को धोखा ही मिलेगा। बायसी वासियों ने बताया कि एसडीएम के कहने पर चक्का जाम स्थगित किया गया है अगर ठेकेदार बताये समय अनुसार काम नहीं किया तो फिर चक्का जाम किया जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in